अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 190 | लखनऊ, रविवार, 25 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### 'विकसित भारत-जी राम जी' कानून लागू नहीं होने देंगे: मल्लिकार्जुन खरगे

हुब्बली। अखिल भारतीय कंांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीराम जी) कानून को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कानून देश में लागू नहीं होने दिया जाएगा। हुबली में आवास विभाग और कर्नाटक राज्य आवास मंडल की ओर से आयोजित गृह वितरण समारोह में बोलते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उनके अनुसार, इससे राज्य सरकार पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ रहा है और गरीबों के लिए बनाए गए कई जनकल्याणकारी कानून जानबूझकर हाशिए पर धकेले जा रहे हैं।

### हर चुनौती के लिए तैयार रहें युवा, एनसीसी कैडेट्स से लें प्रेरणा: राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से मजबूत रहते हुए हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने युवाओं को एनसीसी कैडेट्स से प्रेरणा लेने की अपील की। राजनाथ सिंह ने दिल्ली कैंट में आयोजित एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप को संबोधित करते हुए एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्र की दूसरी पंक्ति की रक्षा वाहिनी बताया और कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट योगदान दिया। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकियों को नष्ट कर साहस और संयम का परिचय दिया।

# 2047 तक विकसित यूपी बनेगा देश को दिशा देने वाला राज्य : शाह

## अमित शाह ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का किया भ्रमण

- अमित शाह ने की 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि आज यह संकल्प लेने का दिन है कि वर्ष 2047 तक घनी आबादी वाला यह प्रदेश एक विकसित राज्य बनकर देश को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि वह देश, दुनिया और प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक उत्तर प्रदेशवासी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ सहित अनेक युग-प्रवर्तकों की भूमि है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का भ्रमण कर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल राष्ट्र की चेतना और जागृति का केंद्र बनेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में निर्मित यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा।

उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर कभी 65 एकड़ क्षेत्र में कूड़े का ढेर हुआ करता था, वहां आज एक भव्य और प्रेरणादायक स्थल तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल किया गया था, जो आज पूरे देश में लागू हो चुकी है। यहां प्रदेश के सभी जिलों के व्यंजनों का मेला लगा है और उत्तर प्रदेश के व्यंजन विश्वभर में अपनी पहचान बना चुके हैं।

प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डकैती और लूट की घटनाओं में बड़ी कमी आई है। साथ ही कनेक्टिविटी में भी व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हर कालखंड में देश को सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगामी चुनावों का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने प्रदेश की जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत देने की अपील की।



उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां विकास नहीं कर सकतीं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया है और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।उन्होंने राज्य के स्थापना दिवस पर कहा, ''उत्तर प्रदेश भारत की धड़कन है, और दूसरे शब्दों में कहें तो उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा भी है। मुझे पूरी तरह से विश्वास है कि उत्तर प्रदेश भारत के विकास का इंजन बनेगा, एक विकसित भारत का इंजन।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से विकसित राष्ट्र और विकसित राज्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने एक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी डबल-इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को भी एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है।''

### उप्र से होकर जाता है विकसित भारत का रास्ता : पंकज चौधरी

लखनऊ। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को यहां राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश को गति व दिशा देने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि बीमारू व पिछड़ा कहा जाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास, विश्वास और विरासत का माडल बन गया है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है।

### उत्तर प्रदेश के विकास से देश को गति मिलेगी : योगी

लखनऊ। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास से देश को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में उप्र दिवस का कार्यक्रम आज हो रहा है। 2018 में पहली बार स्थापना दिवस का कार्यक्रम हुआ था। एक जनपद एक उत्पाद योजना आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की एक नयी ताकत बनी है। एक जनपद एक व्यंजन यह योजना आज लागू की है। स्थानीय उत्पाद को वैश्विक पहचान दिला सकें, इसलिए 75 जिलों में 75 प्रकार के भोजन सामग्री को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता के लिए आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिखित संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं का प्रदेश है। उत्तर प्रदेश आज मजबूत कानून व्यवस्था का आधार बन गया है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तीव्र गति से बढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को शून्य से शिखर की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं। आज संकल्प लें कि उत्तर प्रदेश से गरीबी को मार भगायेंगे। सबके जीवन में खुशहाली लायेंगे।

# लोककल्याण केंद्रित बजट की करें तैयारी : मुख्यमंत्री



- मुख्यमंत्री ने 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर किया व्यापक विचार-विमर्श

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास, सुरक्षा और समृद्धि की जिस दिशा में ठोस प्रगति की है, उससे प्रदेश की जनता को सरकार से बड़ी आशा है और जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी बजट का केंद्र लोककल्याण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही बजट की आत्मा होनी चाहिए।

# युवाओं के लिए नए अवसर खोल रहे व्यापार समझौते : मोदी

- प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में 61 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 18वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 61 हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नया साल युवाओं के जीवन में खुशियों का नया अध्याय लेकर आया है। यह नियुक्ति पत्र केवल नौकरी का दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित भारत के निर्माण के लिए एक 'संकल्प पत्र' है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश के 61 हजार से अधिक युवा अपने जीवन की नई शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सेवा में शामिल होना, राष्ट्रसेवा और संविधान के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समय युवाओं को संविधान से जुड़ने और अपने कर्तव्यों को समझने का है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जनवरी माह के राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि देश इस समय गणतंत्र पर्व के वातावरण में है।

23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया गया, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। उन्होंने बताया कि इसी कालखंड में 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया था, जिससे इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है। मोदी ने कहा कि रोजगार मेला बीते वर्षों में एक संस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। इसके माध्यम से लाखों युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति मिल चुकी है।


उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता रही है, इसी उद्देश्य से मिशन मोड में रोजगार मेले की शुरुआत की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। सरकार का निरंतर प्रयास है कि देश और विदेश दोनों जगह भारतीय युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हों।

# देवरा प्रयाग न्यास परिषद् को मिला नया महन्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य महाराज का विधिवत पट्टाभिषेक, वैष्णव परंपरा में ऐतिहासिक क्षण

प्रयागराज। सनातन धर्म और वैष्णव परंपरा के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक अवसर रहा, जब देवरा प्रयाग न्यास परिषद् तथा श्रीवैष्णवाश्रम को नया महन्त प्राप्त हुआ। परिषद् के उपमहन्तों के बहुमत से निर्वाचित स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य जी महाराज का पट्टाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह पावन समारोह परिषद् के उपमहन्तों, जगद्गुरुओं, महामंडलेश्वरों एवं देश के विभिन्न तीर्थों से पधारे संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में विशेष रूप से स्वामी अनन्ताचार्य जी महाराज (कानड़ी, मध्यप्रदेश), स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज (श्री राम मंदिर, जोगेश्वरी पूर्व, मुंबई), स्वामी माधवाचार्य जी महाराज (अयोध्या), स्वामी लक्ष्मीकांताचार्य महाराज (काशी, लक्ष्मी नारायण मंदिर), स्वामी गोपाल कृष्ण शास्त्री महाराज (राधा कृष्ण रघुनाथ का मंदिर, वृंदावन) तथा स्वामी ओमनारायणाचार्य महाराज (श्री राम जानकी मंदिर, पुरैना, रीवा, मध्यप्रदेश) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी संत-महात्माओं ने वैष्णव परंपरा के अनुरूप आशीर्वचन प्रदान करते हुए नव-नियुक्त महन्त को दायित्व निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दीं। स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य जी महाराज, वैकुण्ठवासी अभिनव परमार्थभूषण 1008 स्वामी सीतारामाचार्य महाराज के शिष्य हैं। वे गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी लगभग छह दशकों से न्यास परिषद् एवं वैष्णवाश्रम से निरंतर जुड़े रहे हैं और धार्मिक, सामाजिक व संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पट्टाभिषेक के पश्चात स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य जी महाराज ने कहा कि देवरा प्रयाग न्यास परिषद् के माध्यम से सनातन धर्म के संरक्षण, वैष्णव परंपरा के संवर्धन तथा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। श्रीवैष्णवाश्रम परिवार की ओर से उपस्थित सभी संतों, महन्तों, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया। यह पट्टाभिषेक समारोह देवरा प्रयाग न्यास परिषद् के इतिहास में एक नई शुरुआत और वैष्णव परंपरा के सुदृढ़ भविष्य का प्रतीक माना जा रहा है।



### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 16 प्रेशर आईईडी सहित नक्सल सामग्री बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबल नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत आज (शनिवार) बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र में बंदेपारा और नीलमड़गु के मध्य जंगल में नक्सलियों के छिपाकर रखे गए 16 प्रेशर आईईडी बरामद किए गए हैं। बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार डीआरजी बीजापुर, थाना मद्देड़ और सीआरपीएफ 22वीं बटालियन की संयुक्त टीम ने मद्देड़ थाना क्षेत्र मेंबंदेपारा व नीलमड़गु के मध्य जंगल में सर्चिंग अभियान के दौरान इन्हें बरामद किया गया है। ये आईईडी बीयर की बोतलों में लगाए गए थे और इन्हें बीडीएस की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है।

# हिमाचल में बर्फबारी के बाद जनजीवन पटरी पर नहीं, एक हज़ार सड़कें बंद

- राज्य में भारी बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी थमने के बाद भी दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं और राज्य के अधिकांश पर्वतीय इलाकों में सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त बना हुआ है। बर्फबारी के कारण जहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, वहीं बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई है।



राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार शाम तक प्रदेश में दो राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा एक हज़ार से ज्यादा सड़कें बंद रहीं, जिससे कई जिलों का संपर्क जिला और उपमंडल मुख्यालयों से कट गया है। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 412 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा लाहौल-स्पीति जिले में 290 सड़कें चंबा में 132, मंडी में 126, कुल्लू में 79 और सिरमौर में 29 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति में दो राष्ट्रीय राजमार्गों के बंद होने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। बर्फबारी का असर बिजली आपूर्ति पर भी गंभीर रूप से पड़ा है और प्रदेशभर में 5,775 ट्रांसफार्मर खराब होने से हजारों गांवों और कस्बों में अंधेरा पसरा हुआ है।

# डिजिटल अरेस्ट कर 15 करोड़ ठगने के मामले में उप्र, गुजरात, ओडिशा से आठ गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने डिजिटल अरेस्ट करके बुजुर्गों को डराकर करोड़ों की ठगी करने के मामले में उत्तर प्रदेश, गुजरात और ओडिशा से आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है।



इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस के पुलिस उपायुक्त विनित कुमार ने शनिवार को बताया कि यह गिरोह कंबोडिया और नेपाल से संचालित हो रहा था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पटेल दिव्यांग (30), शितोले कृतिक (26), अरुण कुमार तिवारी (45), महावीर शर्मा उर्फ नील (27), प्रद्युम्न तिवारी, अंकित मिश्रा, भूपेंद्र कुमार मिश्रा और आदेश कुमार सिंह (36) के रूप में हुयी है। उन्होंने बताया कि 77 वर्षीय पीड़िता को 24 दिसंबर 2025 को एक फोन कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उनके नाम से जारी सिम कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल है। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर फर्जी सीबीआई और पुलिस अधिकारी बनकर दिखाया गया और जाली गिरफ्तारी वारंट के जरिए डराया गया।

# गोमती नगर विकास खण्ड में सरस्वती पूजा व हिन्दू सम्मेलन संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- महंत राजू दास एवं डॉ. पंकज पटवा द्वारा जन जागृति के लिए भावपूर्ण उद्बोधन

लखनऊ। सकल सनातन समाज के तत्वावधान में 23 जनवरी 2026 को विकास खण्ड-5, गोमतीनगर, लखनऊ में आयोजित सरस्वती पूजा सह हिन्दू सम्मेलन अत्यंत गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। सरस्वती पूजा कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ विद्या और कला की देवी माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। अपराह्न में महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर एवं कैंडल लाइटिंग जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इससे एक दिन पूर्व इसी उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ, ड्राइंग, रंगोली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें प्रथम, बच्चों द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ अपराह्न 3:30 बजे त्रिवेणी कला संगम अवध की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भारतीय संस्कृति और परम्परा से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। अपराह्न 4:00 बजे से मुख्य कार्यक्रम आरंभ हुआ। दीप प्रज्वलन एवं स्वस्ति वाचन के साथ सम्मेलन को औपचारिक स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. पंकज पटवा, मुख्य अतिथि महंत राजूदास महाराज (हनुमान गढ़ी, अयोध्या धाम), विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र योगी (मथुरा), महिला शक्ति प्रतिनिधि चित्रा शुक्ला तथा अध्यक्ष के रूप में राजेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।



अतिथियों के उद्बोधनों में सनातन संस्कृति, राष्ट्रबोध, सामाजिक समरसता एवं युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। महंत राजूदास महाराज के ओजस्वी आशीर्वचन से सभा भावविभोर हो उठी, वहीं डॉ. पंकज पटवा ने अपने विचारोत्तेजक वक्तव्य में युवाशक्ति को राष्ट्रनिर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा नृत्य में भाग लेने वाले कलाकारों को नृत्य सम्मान से विभूषित कर उत्साहवर्धन किया गया।

इसके उपरान्त भारत माता की आरती के साथ वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। अंत में प्रसाद वितरण की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सम्मेलन का संचालन डॉ. कुंवर वीर सिंह मार्तंड, आलोपी शंकर मौर्य एवं विवेक राय द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश से होकर जाता है विकसित भारत का रास्ता : पंकज चौधरी

● यूपी दिवस पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को यहां राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश को गति व दिशा देने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि बीमारू व पिछड़ा कहा जाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास, विश्वास और विरासत का माडल बन गया है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। यहां पर माफिया इतिहास बन चुके हैं। सरकारी नीतियों की वजह से उत्तर प्रदेश आज निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। यहाँ सिर्फ घोषणाएं नहीं होती हैं। उत्तर प्रदेश बढ़ रहा है। उप्र अपना भविष्य गढ़ रहा है। वि?कसित भारत का रास्ता विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया में देश का गौरव बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। देश हमें 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था पर मिला था, उसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 04 नंबर पर पहुंचाने का काम हमारी सरकार ने किया है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। इससे पहले चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पंकज चौधरी ने अमित शाह का स्वागत किया।

### पंकज चौधरी ने किया गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के लखनऊ आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि 24 से 26 जनवरी तक चलने वाला भव्य महोत्सव उत्तर प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं, समृद्ध विरासत और सतत विकास की यात्रा को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा।उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला यह आयोजन उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, सामर्थ्य और प्रगति का प्रेरक प्रतीक बनेगा।

## उप्र की राज्यपाल ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जन भवन (राजभवन) परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता विषयक एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैला रवाना किया। यह साइकिल रैली जन भवन परिसर के मुख्य पोर्टिको से प्रारंभ होकर प्रवेश द्वार संख्या-दो से होते हुए, 1090 चौराहा, समतामूलक चौराहा पहुंची। जन भवन प्रवेश द्वार संख्या-आठ से होते हुए पुनः जन भवन पोर्टिको पर आकर संपन्न हुई। साइकिल रैली में जन भवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने ल्लनशा मुक्त हो, भारत देशङ्क, ल्लभारत माता की जयङ्क एवं ल्लवंदे मातरम्ङ्क के नारों के माध्यम से समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।

## हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा को बीच में रोके जाने अखण्ड आर्यावर्त महासभा आगबबूला

● यात्रा की अनुमति को लेकर प्रशासन पर दिग्भ्रमित करने का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भगवान श्रीराम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर निकाली गयी हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा को बीच में रोके जाने को लेकर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ काररवाई के साथ जवाब मांगा है कि आखिर ऐन वक्त पर यात्रा को अनुमति क्यों नहीं दी गयी, जबकि लगभग बीस दिन पहले से ही संगठन ने जिला प्रशासन से अनुमति मांगी थी, जिस पर कोई निर्णय न देकर संगठन को यात्रा निकाले जाने को लेकर अंधेरे में रखा। मालूम हो कि संगठन पिछले लगभग 2 महीने से हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा को लेकर तैयारी कर रहे थे, और इसी क्रम में कुर्सी रोड स्थित संगठन के मुख्यालय से यात्रा को भाजपा के एमएलसी पवन सिंह चौहान ने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया था, जिसे हनुमान सेतु पहुंचकर समाप्त होनी थी, लेकिन पुलिस प्रशासन ने बीच रास्ते में यात्रा को तितर-बितर कर गुलाचीन मन्दिर के आगे बढ़ने नहीं दिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा है कि यदि यात्रा को लेकर प्रशासन को अनुमति नहीं देनी थी तो पहले ही लिखित में बता देते, तो अनावश्वयक प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कार्यकर्ता को न बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने साफ कहा कि प्रशासन ने जानबूझ कर संगठन को यात्रा निकाले जाने संबंधी अनुमति को लेकर अंधेरे में रखा गया। जिससे संगठन कार्यकर्ताओं का आर्थिक भी काफी नुकसान हुआ।ऐसी स्थिति में संगठन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यात्रा को रोके जाने के कारणों को स्पष्ट करने की मांग की है।

### गणतंत्र दिवस का फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आज गणतंत्र दिवस का फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। रिहर्सल परेड चारबाग से शुरू हुआ है। बर्लिंगटन चौराहा, विधानसभा होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खत्म हुआ। इसमें देशभक्ति, शौर्य और अनुशासन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। हथियारों से लैस एटीएस के जवान, उनके आगे चलती सेना की तोप, बख्तरबंद गाड़ियां, टैंक, देशभक्ति गीतों पर थिरकते छात्र लोगों को गर्व से भर दिया। रिहर्सल के चलते विधानसभा, हजरतगंज, चारबाग और केडी सिंह बाबू स्टेडियम क्षेत्र में ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। 26 जनवरी को मुख्य परेड और झांकियां निकाली जाएंगी।

इस बार गणतंत्र दिवस समारोह की थीम 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश', 'वंदेमातरम' और 'ऑपरेशन सिंदूर' रखी गई है। इसी क्रम में फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान 9 राज्यों की संयुक्त सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह की एक बड़ी खासियत विधानभवन में आयोजित होने वाला लेजर लाइट एंड साउंड शो है।

## ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा देख मंत्रमुग्ध हुए ग्रामीण कस्तूरी फाउंडेशन ने मनाया 'विद्या पर्व'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'कस्तूरी फाउंडेशन' द्वारा ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के क्रम में काकोरी के फतेहगंज में एक विशेष सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी के पावन पर्व की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुतियों से यह साबित कर दिया कि यदि अवसर मिले तो वे किसी से कम नहीं हैं। सुरों में बही सरस्वती वंदना और देशभक्ति की लहर कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मां शारदे की आराधना में मधुर 'सरस्वती गीत' प्रस्तुत किए। भक्तिमय वातावरण के साथ ही बच्चों ने ओजपूर्ण 'देशभक्ति गीतों' की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को जोश से भर दिया। बच्चों का आत्मविश्वास देख वहां मौजूद संस्था के सदस्य और ग्रामीण ग्रामीण दंग रह गए। उपहारों से बढ़ाया बच्चों का मनोबल बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कस्तूरी फाउंडेशन की ओर से उन्हें स्टेशनरी किट्स (कॉपी, किताब, पेंसिल आदि) और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिन बच्चों ने मंच पर अपनी विशेष प्रतिभा दिखाई, उन्हें संस्था द्वारा विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। नए शैक्षिक संसाधन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इनका रहा सराहनीय योगदान इस पुनीत कार्य में पूनम तिवारी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को संभालने में वालंटियर्स संतोष कुमार, रजनी तिवारी, मेवा लाल, रंजीता एवं सुशील कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नेतृत्व और मार्गदर्शन संस्था की सचिव भावना सिंह एवं कोषाध्यक्ष शालिनी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। संस्था की पदाधिकारियों का कहना है कि हमारा उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना और उनके भीतर शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना है। कस्तूरी फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे प्रेरक आयोजन जारी रखेगी।





### अलग-अलग सड़क हादसे में 3 की मौत

लखनऊ। राजधानी में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। दुबग्गा इलाके में दोस्त के साथ बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में ब्लिंकइट के कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं गोमती नगर विस्तार इलाके में बाइक फिसलने से रिटायर्ड सैनिक की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अलीगंज सबोली सेक्टर-सी निवासी धीरज (30) टेढ़ी पुलिया सब्जी मंडी में आढ़त का काम करते थे। भाई लवकुश ने बताया शुक्रवार शाम दोस्त चंदा के साथ बुलेट बाइक से निकले थे। दोनों काकोरी में रहने वाले दोस्त अजय के घर बर्थडे पार्टी में गए थे। वहां से लौट रहे थे। तभी रात करीब 11 बजे घैला पुल पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।

### तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने महिला को टक्कर मारी

**लखनऊ।** थाना पारा क्षेत्र में बुद्धेश्वर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के पति की शिकायत पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र गुप्ता, पुत्र वासुदेव गुप्ता, निवासी रिविएरा ग्रीन्स रोड लान, काकोरी, लखनऊ ने थाना पारा में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती सविता गुप्ता 20 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे अपनी दुकान से बुद्धेश्वर चौराहे की ओर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान, पीछे से आ रहे ई-रिक्शा संख्या यूपी 32 जेड एन 3122 के चालक ने वाहन को लापरवाही और अत्यधिक तेज गति से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सविता गुप्ता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला को उठाकर इलाज के लिए बुद्धेश्वर विमला अस्पताल एंड कैंसर सेंटर, लखनऊ पहुंचाया। श्रीमती सविता गुप्ता का इलाज अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पारा पुलिस सक्रिय हुई। पीड़ित के पति की तहरीर के आधार पर, पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप निरीक्षक विनय पटेल को सौंपी गई है। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में ई-रिक्शा चालकों द्वारा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर चिंता देखी जा रही है।

## प्रयागराज में स्नान को लेकर चल रहा विवाद जितना जल्दी सुलझ जाये उतना बेहतर : मायावती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज में ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के स्नान विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लेते हुए कहा कि स्नान, पूजापाठ, पर्व आदि में राजनीतिक लोगों का बढ़ता हस्ताक्षेप सही नहीं है। मायावती ने कहा कि प्रयागराज में स्नान को लेकर चल रहा विवाद आपसी सहमति से जितना जल्दी सुलझ जाये उतना बेहतर। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर विस्तृत पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप एवं प्रभाव पिछले कुछ वर्षों से काफी बढ़ गया है। इसकी वजह से नये-नये विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है, यह सही नहीं है। इन सबको लेकर लोगों में दुख एवं चिन्ता है। मायावती ने आगे लिखा कि वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिये धर्म को राजनीति तथा राजनीति को धर्म से जोड़ने के कई खतरे हमेशा बने रहते हैं। प्रयागराज में स्नान आदि को लेकर चल रहा विवाद, एक-दूसरे का अनादर व आरोप-प्रत्यारोप इसका ताजा उदाहरण है। इससे हर हाल में जरूर बचा जाना ही बेहतर। वैसे भी देश का संविधान व कानून ईमानदारी से जनहित व जनकल्याणकारी कर्म को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानकर राजनीति को धर्म से तथा धर्म को राजनीति से दूर रखता है। जिस पर सही नीयत व नीति से अमल हो, ताकि राजनेतागण अपना सही संवैधानिक दायित्व, बिना किसी द्वेष व पक्षपात के, सर्वसमाज के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभा सकें। वर्तमान हालात में भी लोगों की यही अपेक्षा। अतः प्रयागराज में स्नान को लेकर चल रहा कड़वा विवाद आपसी सहमति से जितना जल्द सुलझ जाये उतना बेहतर। इसके साथ ही उन्होंने 'उत्तर प्रदेश दिवस' की सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## दारुल उलूम फरंगी महल में तिरंगा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल, लखनऊ में पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दारुल उलूम व शाहीन एकेडमी के छात्र व छात्राओं के बीच तिरंगा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर दारुल उलूम के नाजिम, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, इमाम ईदगाह लखनऊ ने इन कार्यक्रमों की अहमियत पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले ऐसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद हैं। कम समय में वे इनके महत्व, आवश्यकता और उपयोगिता से परिचित हो जाते हैं। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है, जो हर भारतीय की शान है। इसके तीनों रंग अपने-अपने भीतर गहरी और महत्वपूर्ण अर्थवत्ता रखते हैं। तिरंगा पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप से मुहम्मद साहिल को प्रथम, मुहम्मद इस्लाम को द्वितीय और मुहम्मद इब्राहीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार सीनियर ग्रुप में मुहम्मद हारून शादाब को प्रथम, मुहम्मद हमजा अकरम को द्वितीय और मुहम्मद बिलाल इस्लाम को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर मुफ्ती अतीकुर्रहमान, मौलाना अजहरुद्दीन, कारी मुहम्मद हारून, कारी तनवीर आलम, कारी कमरुद्दीन, कारी अब्दुल मुगीस, कारी मुहम्मद शमीम तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प दे सकते हैं स्थिरता : बंधन लाइफ इंश्योरेंस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे समय में इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प लंबे समय के निवेश पोर्टफोलियो में एक स्थिर घटक के रूप में उभर रहे हैं। ये प्लान्स सुरक्षा प्रदान करते हैं, भविष्य की योजना बनाने में मदद करते हैं और विकास में भागीदारी का अवसर भी देते हैं। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सतीश्वर बी. के अनुसार, बीमा में यूलिप जैसे प्लान्स खास तौर पर उन लोगों के लिए संतुलन प्रदान कर सकते हैं जो अपनी कमाई के सबसे अच्छे वर्षों में हैं और भविष्य के लिए मजबूत वित्तीय आधार बनाना चाहते हैं। बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा बाजार में उतार-चढ़ाव आता रहता है, लेकिन वित्तीय योजना स्थिर होनी चाहिए। अस्थिर बाजार परिस्थितियों में निवेश को लेकर झिझक महसूस होना स्वाभाविक है, खासतौर पर तब, जब लक्ष्य लंबी अवधि का रिटर्न पाने के साथ वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना हो। ऐसे में निवेशकों को उन बीमा-आधारित निवेश विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जो बाजार से जुड़े विकास, नुकसान से सुरक्षा और जीवन कवर प्रदान करते हैं और अनिश्चितता के दौर में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करते हैं। सतीश्वर बी. का कहना है कि निवेशकों के लिए फोकस स्थिरता और जोखिम प्रबंधन पर होना चाहिए। बाजार में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के कारण वित्तीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा चाहे कोई स्थिरता के लिए पार प्लान चुने, संतुलित वृद्धि के लिए डेट या फ्लेक्सी-कैप यूलिप, या सुरक्षा के साथ लाभ देने वाले हाइब्रिड प्लान जीवन बीमा में निवेश एक समझदारी भरा कदम है। ये योजनाएं न केवल निवेश को बढ़ाने में मदद करती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि किसी भी परिस्थिति में परिवार की आर्थिक सुरक्षा बनी रहे। इक्विटी बाज़ार में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है, जिससे निवेशक बोनस या सैलरी में बढ़ोतरी जैसी अतिरिक्त आय को बाज़ार से जुड़े निवेशों में लगाने को लेकर सतर्क हैं। हालाँकि लंबी अवधि का निवेश अभी भी ज़रूरी है, लेकिन मौजूदा अनिश्चितता के कारण ऐसे विकल्पों में रुचि बढ़ी है जो रिटर्न के साथ-साथ पूंजी की सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता भी देते हैं। उन्होंने तीन प्रमुख इंश्योरेंस-आधारित विकल्पों की ओर ध्यान दिलाया, जिन पर निवेशक विचार कर सकते हैं। पार्टिसिपेटिंग (पार) प्लान्स : पार प्लान उन निवेशकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं जो अपनी पूंजी को सुरक्षित रखते हुए लंबे समय में स्थिर रूप से बढ़ाना चाहते हैं। इन योजनाओं में जीवन बीमा कवर के साथ बोनस से जुड़े रिटर्न मिलते हैं, जो बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होते। समय के साथ ये बोनस मैच?योरिटी बेनेफिट को बढ़ा सकते हैं या भविष्य के प्रीमियम भुगतान में मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि पार प्लान पूर्वानुमानित और कम जोखिम वाले संचय की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त माने जाते हैं।

## उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश- इस थीम के साथ आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के कुशल संयोजन एवं संचालन में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं मतदाता जागरूकता दिवस का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सभ्यता और संस्कृति, साहित्य, कला, नृत्य, संगीत, अभिनय, खेल, पहनावा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के योगदान को कैडेट बुशरा हामिद, लक्षिका, खुशी निषाद, जानवी दुबे, प्रीति कुमारी, अलीशा, अंजली बाजपेई, गरिमा, तान्या, प्रिया तिवारी, खुशी सिंह, दीप्ति, आस्था, साक्षी, जिया, प्रिया रावत, सौम्या, शुभी, मुस्कान, प्रियांशी, दिव्यांशी, सिद्धी, निकिता तथा आराधना ने बेगम हजरत महल, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद, हरिवंश राय बच्चन, महादेवी वर्मा, कबीर दास, तुलसीदास, पंडित बिरजू महाराज, गोविंद बल्लभ पंत, अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर आदि का रूप लेकर प्रभावशाली नाटकीय मंचन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की गौरवशाली पहचान, समृद्ध विरासत से परिचित कराया, सूत्रधार की भूमिका में मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि वर्तमान उत्तर प्रदेश केवल अतीत पर गर्व करने वाला राज्य नहीं, बल्कि विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश हमारी पहचान, हमारा गौरव और हमारी जिम्मेदारी भी है। प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अपनी भूमिका निभाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें अंडर ऑफिसर सिद्धी यादव, कशिश गौतम तथा अंजलि वाजपेई ने मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, इसी के साथ प्राचार्या द्वारा सभी को इस बात की शपथ दिलाई गई कि लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाह करेंगे तथा प्रत्येक निर्वाचन में बिना किसी लोभ और भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे क्योंकि मतदान हमारा अधिकार है और कर्तव्य भी और प्रत्येक वोट की कीमत होती है और लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन से हवलदार ताशी,महाविद्यालय की प्रवक्ताएं समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स छात्राएं एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रगान और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कन्नौज में 'यूपी दिवस' पर सम्मानित किए गए कर्मयोगी

- जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में 3 घंटे बिलंब से पहुंची प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (प्रभारी मंत्री, कन्नौज) रजनी तिवारी।
- कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह के दौरान विभिन्न विभागों ने लगाई प्रदर्शनी, सत्तापक्ष से जुड़े नेताओं को छोड़ आम जन मानस रहा नदारद।





कलेक्ट्रेट परिसर में यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करने के बाद विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करती उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना



छात्रा निमिषा

राष्ट्रीय प्रस्तावना


**कन्नौज।** शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा यूपी दिवस धूमधाम से मनाया गया। गत वर्ष की भांति कलेक्ट्रेट के उत्तरी गेट पर मंच बना और पार्किंग स्थल पर प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था की गई। जहां मंच के समक्ष प्रथम पंक्ति को छोड़ करीब आठ सौ प्लास्टिक की कुर्सियां डाली गईं। प्रथम पंक्ति में डाले गए सोफ़ों पर निर्धारित व्यवस्थानुसार जिला स्तरीय अधिकारी बैठे, जबकि द्वितीय से चतुर्थ पंक्ति के लिए 75 वीआईपी कुर्सियों पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने वाले आमंत्रित स्त्री पुरुष बैठे। शेष कुर्सियों पर प्रतिभागी बैठे जिन्हें भरमाने के लिए स्थानीय कलाकारों के छोटे मोटे कार्यक्रम संपन्न करवाए गए। सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चले करीब 4 घंटे के कार्यक्रम में व्यवस्था बहुत चाक चौबंद रही। क्योंकि बीच बीच में बड़े-बड़े अफसर भी माइक पकड़ कर अपने अपने विभाग की योजनाएं गिनाने का काम भी करते रहे और मौजूद भीड़ से नारेबाजी भी करवाते रहे।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भारत के गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के उद्बोधन का सजीव प्रसारण उपस्थित जनसमूह द्वारा देखा एवं सुना गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया तथा अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। कन्नौज के इतिहास एवं विरासत पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। कॉफी टेबल बुक के प्रकाशन में समन्वय जिला पर्यटन अधिकारी डॉ० एम. मकबूल व सीएम रिसर्च फेलो नमन दुआ तथा उसमें सहयोग प्रदान करने वाले विकास अवस्थी, अभिषेक दुबे, बृजेश चतुर्वेदी, विकास कुशवाहा को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस पुस्तक का प्रकाशन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (पर्यटन विभाग) कन्नौज द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, कलाकारों, कृषकों, उद्यमियों एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार.प्रसार एवं प्रतिभा सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत संस्कृति उत्सव-2026 की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में श्रीकृष्णा ने प्रथम, अनुष्का दुबे ने द्वितीय तथा प्रतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गायन प्रतियोगिता में कानपुर पब्लिक स्कूल प्रथम, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कन्नौज द्वितीय तथा सुजैन एवं अलैना तृतीय स्थान पर रहीं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अंकुश प्रथम, तुलसी द्वितीय एवं वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में कानपुर पब्लिक स्कूल, कन्नौज ने प्रथम, हीरालाल इंटर कॉलेज, कन्नौज ने द्वितीय तथा केकेसीएन इंटर कॉलेज, कन्नौज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें श्रेयश मिश्र प्रथम, खुशबू शर्मा द्वितीय एवं खुशी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएम श्रेष्ठा (IIR-353) योजना में छात्रा निमिषा, इंस्पायर अवार्ड योजना में अल्का देवी तथा 53 वीं बाल विज्ञान कांग्रेस (मंडल स्तर) में शायरा वक्श को सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षा के विविध आयामों में उत्कृष्ट योगदान हेतु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कन्नौज के प्राचार्य को 7-स्टार श्रेणी में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत अमन राठौर, अनिल कुमार एवं आशीष कुमार को सीएम युवा डमी चेक प्रदान किए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत माधुरी देवी, निर्मला देवी एवं रेखा को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। तारकशी विधा में राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित युवा उद्यमी राम शंकर दोहरे को विशेष प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत प्रथम चैहान एवं आर्यन को लैपटॉप वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों दिलीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार एवं संजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्राकृतिक एवं जैविक खेती में उत्कृष्ट योगदान हेतु यशकरन सिंह एवं राकेश कटियार को सम्मानित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० शक्ति बसु को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को शंकर सब्जी बीज वितरित किए गए। खादी ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत खादी प्रोत्साहन नीति की प्रधान पुरस्कार योजना के 8 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 में योगी के नेतृत्व में सरकार बनीए तब से उत्तर प्रदेश दिवस भव्य रूप से मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की प्रतिभाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं विकास यात्रा को सम्मान देने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, कानून-व्यवस्था एवं सुशासन के क्षेत्र में प्रदेश को नई दिशा दी है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकारी विद्यालयों में निजी विद्यालयों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। बहन-बेटियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगारए किसानों की समृद्धि एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं तथा प्रदेश से गुंडाराज समाप्त कर सुरक्षित वातावरण स्थापित किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समयबद्ध लाभ प्राप्त हो सके। कहा कि कल जनपद में मतदाता दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन भी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत औद्यानिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य कृषकों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक बागवानी तकनीकों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र एवं सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र, कन्नौज के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न औद्यानिक फसलों पर तकनीकी जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं एवं फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताया गया। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने गोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी के वैज्ञानिक अरविन्द कुमार ने आलू की खेती में पोषक तत्व प्रबंधन एवं रोग नियंत्रण पर जानकारी दी। एफएफडीसी के वैज्ञानिक डॉ० कमलेश ने गुलाब, पामारोजा, खस, मेहंदी व बेला जैसी इत्र निर्माण वाली फसलों की वैज्ञानिक खेती एवं इत्र निष्कर्षण की विधियों पर प्रकाश डाला। उद्यान वैज्ञानिक डॉ० अमर सिंह ने आलू की वैज्ञानिक खेती, बीज उत्पादन तथा रोग-कीट प्रबंधन की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वदेश कुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि गण/गणमान्यजन उपस्थित रहे।


## छात्रा निमिषा हुई मंत्री के हाथों सम्मानित

**कन्नौज।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कंपोजिट विद्यालय बझेड़ीं विकास खण्ड सौरिख की कक्षा-8 में अध्ययनरत छात्रा निमिषा को विशेष तौर पर सम्मानित किया। छात्रा निमिषा ने पीएम श्रेष्ठा प्रवेश परीक्षा 2026 कक्षा-9 हेतु आल इंडिया रैंक 353 प्राप्त की है। जिले की एकमात्र छात्रा निमिषा के पिता विपुल प्रताप सिंह व माता सपना को अपनी बिटिया की इस उपलब्धि पर गर्व है। निमिषा को विद्यालय के शिक्षक अवधेश कुमार पाल ने न सिर्फमार्गदर्शन दिया बल्कि परीक्षा की तैयारी भी कराई। ब्लाक नोडल शिक्षक अशोक कुमार ने आवेदन हेतु मार्गदर्शन किया। जिले के नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आयोजित श्रेष्ठा प्रवेश परीक्षा 2026 में एक बार फिर कन्नौज के बेसिक शिक्षा विभाग की छात्रा का चयन होना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह परीक्षा 21 दिसम्बर को आयोजित हुई थी। श्रेष्ठा परीक्षा में अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा आठवीं और दसवीं में अध्ययनरत वह विद्यार्थी शामिल होते हैं, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम होती है। कक्षा नौवीं और 11वीं के लिए देशभर में कुल 3000 सीट निर्धारित हैं। जिनमें से 1500 सीट कक्षा नौवीं और 1500 सीट कक्षा 11वीं के लिए आरक्षित हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में एक अभियान चलाकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को प्रतिभाग कराने एवं सफलता प्राप्त कराने हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर स्वप्रेरित नोडल शिक्षकों को तैयार किया गया है। जिसका परिणाम यह है कि लगातार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों का चयन हो रहा है।

# वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश को सभी क्षेत्रों अग्रणी प्रगति प्रदान की है: नितिन अग्रवाल



राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने सर्व प्रथम गांधी भवन प्रागंण में कृषि, उद्योग, उद्यान, शिक्षा, स्वास्थ्य, नेडा, बैंक, जल निगम, यातायात, समाज कल्याण, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, पशुपालन विभाग, डूडा, नेडा आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का फीता काट कर उद्घाटन किया तथा मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ समस्त स्टालों का अवलोकन किया तथा मंत्री जी ने पांच बच्चों का अन्न प्राशन कराया व उनकी माताओं को पोषण पोटली प्रदान की। इसके उपरान्त गांधी भवन हाल में आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत-विकसित उ0प्र0 के साथ उत्तर प्रदेश दिवस, का शुभारम्भ मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं सवायजपुर विधायक प्रतिनिधि के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने व लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ती पत्र प्राप्त करने पर जिलाधिकारी अनुनय झा को बधाई दी। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अपनी स्थापना के 75 वर्षो में काफी उतार-चढ़ाव देखे है और वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश को सभी क्षेत्रों मे अग्रणी प्रगति प्रदान की है और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर आत्म निर्भर बनाया है। मंत्री ने कहा कि जनपद के युवा अपना रोजगार स्थापित करें और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करायें। इस अवसर पर मंत्री ने उत्तर प्रदेश स्थापना के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जनपद में चल रही विकास आदि योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा उद्यामी योजना, आयुष्मान कार्ड योजना तथा विद्यालयों के कायाकल्प के तहत खेल मैदानों की स्थापना कराई गयी है। कार्यक्रम में मंत्री ने भापजा जिलाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी आदि के साथ जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सको, आशा, ए0एन0एम0, कृषि वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, खिलाड़ियों, हस्तशिप कारीगारों, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ती पत्र देकर तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आरएफ हेतु डेमाचेक, उद्योग केन्द्र के लाभार्थियों को टूल किट प्रदान किये तथा टाप करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, टैबलेट एवं लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, पीडी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं भारी संख्या में लाभार्थी आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदि सभी लोगों ने लखनऊ से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के सजीव प्रसारण में गृह मंत्री अमित शाह व मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का सम्बोधन सुना तथा मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारी अनुनय झा को प्रशस्ती पत्र देते हुए देखा।

# जीवात्मा से परमात्मा का मिलन ही सच्चा महारास: पं0 सतीश त्रिपाठी

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर के मोहल्ला श्यामपुर में विकास त्रिवेदी सोमू के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिवस में विख्यात कथावाचक पंडित सतीश त्रिपाठी ने मानव जीवन की गरिमा का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य संसार में व्यवहार, व्यापार, परिवार में भटका करता है एवं सुख की प्राप्ति हेतु प्रयत्न करता रहता है, किन्तु यह संसार असार है दुखालय है। यहाँ कहीं भी सुख नहीं है। सच्चा सुख परमात्मा के चरणों में ही है। अतः मानव को अपनी सम्पूर्ण वृत्ति भगवत चरणों में लगा देनी चाहिए। प्रत्येक इन्द्री के द्वारा भगवान का भजन होता रहे। भगवत शरणापन्न होकर जीवन यापन करना चाहिए। जीवात्मा-परमात्मा जब दोनो एक हो जाते हैं तब जाकर वास्तविक महारास धारण होता है। भगवान कृष्ण के द्वारा की गई रासलीला सही अर्थों में में काम विजय लीला है। भगवान ने काम को पराजित करने के लिए यह लीला रचाई। कृष्ण ब्रह्म है, गोपी जीव है। जीवात्मा परमात्मा का विलास ही सच्चे अर्थों में महारास है। गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने भक्तों का मान बढ़ाया भी है और अहंकार हो जाने पर घटाया भी है। भगवान ने देवराज इंद्र का मान मर्दन करते हुए गोप ग्वालों से गिरिराज जी की पूजा कराई और पर्यावरण व प्रकृति का संरक्षण का सीधा संदेश दिया। गिरिराज पूजन से हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हर प्रकार से इस पृथ्वी पर वनस्पतियों और पर्यावरण संरक्षण का प्रयास करते रहें। कथा में आचार्य सज्जन द्विवेदी द्वारा मूल पाठ किया गया और संगीत टोली के विकास द्विवेदी, शुभम शास्त्री व शिवम अवस्थी ने कई भजनों को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। इस मौके को शांति सत्संग मंच श्यामपुर के संयोजक प्रकाश चन्द्र गुप्ता, कथा परीक्षित विकास त्रिवेदी सोम, आयोजक धीरज अग्निहोत्री, विजय त्रिपाठी, अवध बिहारी शास्त्री, वीरेंद्र शुक्ला, गिरिजा शंकर अग्निहोत्री, चन्द्र देव अग्निहोत्री, कमला शुक्ला, मनोज अग्निहोत्री पुतानी, अरुण शुक्ला पटेल, अनिल शुक्ला, विनीत त्रिपाठी, राजबहादुर वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य भक्तगण उपस्थित रहे। छठवें दिन कार्यक्रम के समापन पर आयोजक विकास त्रिवेदी सोमू व धीरज अग्निहोत्री ने प्रसाद वितरण के साथ में सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध वसूली करने पर डीएम के आदेश पर पांच लेखपालों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** तहसील के ग्राम दत्योनापुरए महमूदपुर सरैयाए वाजिदनगरए इब्राहिमपुर और राभा मे धान सत्यापन में लगे लेखपालों द्वारा लापरवाही करते हुए अवैध वसूली की ख़बरों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी के आदेश पर पांच लेखपालों के विरुद्ध रिपोर्ट धोखाधड़ी अवैध वसूली की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिला चकबंदी बन्दोंवस्त अधिकारी के अनुसार किसानों के पंजीकरण प्रपत्र को चकबन्दी लेखपाल द्वारा सत्यापन ध्संशोधन कर विवरण को लक किया जा रहा था। चकबन्दी लेखपाल द्वारा संगत अभिलेख के आधार पर सत्यापन के पश्चात चकबन्दी अधिकारी को लागिन आईडी से ओटीपी के माध्यम से सत्यापन लिंक किया जाना था। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे एसआईआर कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में एसआईआर का कार्य 4 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक किया जाना था। उक्त कार्य हेतु उनकी ड्यूटी गोपामऊ सहायक रजिस्ट्रीकरण निर्वाचन अधिकारी के रूप में लगाई गई है। एसआईआर कार्य में व्यस्तता के कारण धान खरीद वर्ष 2025-2026 हेतु चकबन्दी लेखपाल के सत्यापन के पश्चात चकबन्दी अधिकारी को लागिन आई डी से ओटीपी के माध्यम से सत्यापन लिंक किया जाना था, उक्त कार्य के सम्पादन हेतु चकबन्दी लेखपाल लोकेश कुमार को अधिकृत किया गया था तथा निर्देशित किया गया था कि उनके पोर्टल पर लिंक हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम के अभिलेखों से सत्यापन के पश्चात ही लिंक किया जाये, परन्तु चकबन्दी लेखपाल द्वारा अपने साथी लेखपाल रोहित राठीए सचिन कुमारए कौशलेन्द्र और अंकित कुमार के साथ मिलकर निर्देशों का पालन नहीं किया गयाएन ही पोर्टल पर फर्जी आवेदन पत्र प्राप्त होने का तथ्य उनके संज्ञान में लाया गया, अपितु सम्बन्धित चकबन्दी लेखपालों द्वारा फर्जी ढंग से सत्यापित आवेदन पत्रों को कतिपय व्यक्तियों से संधि करके अनुचित तरीके से आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लोभ में उक्त फर्जी आवेदन पत्रों को पोर्टल से लक किया गया। इसके सम्बन्ध में 2 दिसंबर को उनके द्वारा चकबन्दी लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा गया।आरोपी द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्रस्तुत करने पर उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु 26 दिसंबर द्वारा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दीएको आख्या प्रेषित की गई। बन्दोबस्त अधिकारी द्वारा चकबन्दी लेखपाल को निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्तुति की गई। जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देश पर बन्दोबस्त अधिकारी द्वारा धान खरीद प्रकरण में दोषी लेखपालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिलाधिकारी के आदेश पर बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा आरोपी लेखपालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी है। उन के विरुद्ध विभागीय जाँच शुरू कर दी गयी है।

# माघ मेला व कुंभ में नियम सर्वोपरि, उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्ती: अपर्णा यादव

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री अपर्णा यादव शनिवार को हरदोई पहुंचींए जहां उन्होंने एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने धार्मिक आयोजनो, हालिया विवादों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर दिए जा रहे बयानों पर अपनी बात रखी।अपर्णा यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफकी जा रही बयानबाजी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक संत और गुरु की भूमिका में हैं, ऐसे में उनके प्रति की जाने वाली टिप्पणी संयम और जिम्मेदारी के साथ होनी चाहिए। माघ मेला और कुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। किसी को भी व्यवस्था भंग करने या नियमों की अनदेखी करने की छूट नहीं दी जा सकती। सनातन परंपरा का उल्लेख करते हुए अपर्णा यादव ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारों पीठों की परंपरा देश की आध्यात्मिक धरोहर है। उन्होंने सवाल उठाया कि वर्तमान समय में जो लोग स्वयं को इन पदों से जोड़ रहे हैं, उनकी मान्यता और अधिकार किस आधार पर है, यह विचारणीय विषय है। मीडिया द्वारा निजी जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाने पर अपर्णा यादव ने दो टूक कहा कि व्यक्तिगत विषयों पर सार्वजनिक चर्चा उचित नहीं है।

# स्व0 पंडित ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट



मैच का टॉस कराते मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे इंस्पेटर शहर कोतवाली जितेंद्र प्रताप सिंह को प्रतीक चिन्ह देते जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद सारिम को प्रदान करते एचडीएफसी के ममतेश तिवारी। फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कन्नौज।** शहर स्थिति के के इंटर कालेज के बोर्डिंग ग्राउंड पर चल रहे हैं स्व० ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को शिवा क्रिकेट क्लब कानपुर और सहारनपुर इलेवन के बीच में मैच खेला गया। मैच का टॉस शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कन्नौज जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा कराया गया।

टॉस जीतकर कानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 ओवर में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कानपुर के बल्लेबाजों में मोहम्मद सारिम ने 36 रन, पीयूष ने 46 रन, हर्षवर्धन ने 20 रन और शिवम यादव के 10 रनो का अपनी टीम के लिए योगदान रहा। मैच के दौरान सहारनपुर के गेंदबाज आदर्श चौहान ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए जबकि अमित यादव और दीपेश दो दो विकेट लेने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी सहारनपुर 11 की टीम ने 21.4 ओवर में 132 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिए। सहारनपुर के बल्लेबाजों में मुख्य बल्लेबाज ज्योतिरादित्य ने 27 रन, सत्या ने 39 रन एवं आकाश यादव ने 26 रन का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। इस मैच में टूर्नामेंट की पहली विकेट हैट्रिक मोहम्मद सारिम के द्वारा देखने को मिली और उनकी इस हैट्रिक के साथ कानपुर की टीम 17 रन से विजई हुई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ममतेश तिवारी एचडीएफसी द्वारा शानदार आलराउंडर प्रदर्शन के लिए मोहम्मद सारिम को प्रदान किया गया। मैच की अंपायरिंग रितेश शर्मा और रोहित सिंह द्वारा की गई एवं स्कोरिंग आकाश मिश्रा ने की। इस दौरान कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी, अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, आनंद मिश्रा, सजल सिंह, पारस दुबे, अजय यादव, शरद पांडे, नीरज सामवेदी आदि लोग मैदान पर मौजूद रहे।

**कन्नौज। रविवार को टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच शिवा क्रिकेट क्लब कानपुर और फर्रुखाबाद इलेवन के बीच पूर्व निर्धारित समय सुबह 10 बजे से होगा।**

# पिहानी नगर पालिका में चेयरमैन प्रतिनिधि पर आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पिहानी ( हरदोई )।** नगर पालिका परिषद में सत्ता के दुरुपयोग और दबंगई का एक और मामला सामने आया है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि सैफ खान पर नगर पालिका सफाई यूनियन के नगर अध्यक्ष मनोज बाल्मीकि के साथ गाली-गलौज करने और उनका मोबाइल छीनने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद सफाई कर्मियों में भारी आक्रोश है। पीड़ित मनोज बाल्मीकि ने बताया कि यह घटना नगर पालिका कार्यालय परिसर में हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सफ खान ने किसी मामूली बात को लेकर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की और उनका मोबाइल फोन भी जबरन छीन लिया। इस घटना से सफाई कर्मियों में रोष व्याप्त है और उनका संगठन एकजुट हो गया है।

यह पिहानी नगर पालिका में सत्ता के दुरुपयोग का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी चेयरपर्सन शाहीन बेगम के पैरों पर एक व्यक्ति का सिर रखवाकर माफी मंगवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले ने प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। उस समय राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य व पूर्व सांसद अंजू वाला, तत्कालीन जिलाधिकारी एम.पी. सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। ताजा घटना के बाद सफाई कर्मियों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। सफाई कर्मी संगठन के पदाधिकारी विजय वाल्मीकि ने बताया कि इस अपमानजनक व्यवहार के विरोध में नगर पालिका के सभी सफाईकर्मी सोमवार सुबह 10 बजे पिहानी कोतवाली पहुंचेंगे। वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे और चेतावनी दी है कि न्याय न मिलने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सफाई कर्मियों का कहना है कि इस तरह की लगातार हो रही घटनाएं दलित समाज और कर्मचारियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाती हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल, इस मामले में पुलिस और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुखेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय साहब लाल, निवासी मेहनी खेड़ा गोसवा जनपद हरदोई का मूल निवासी हूं। मेरी बीमा पालिसी संख्या 222546327 में आशुतोष कुमार पुत्र साहब लाल अंकित है, जब कि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में सुखेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय साहब लाल दर्ज है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

सुखेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय साहब लाल
निवासी मेहनी खेड़ा गोसवा जनपद हरदोई।

## संघीय ढांचे पर आंच

भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में सत्ता किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, राज्यों में विरोधी दलों की सरकारों व राज्यपालों में टकराव की खबरें दशकों से अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। जनसरोकारों की रक्षा व राज्य सरकारों की बेलगाम नीतियों पर संतुलन के लिये सृजित यह संवैधानिक पद गाहे-बगाहे विवादों की चपेट में आता रहा है। बहुमत की सरकारों को गिराने के खेल पिछली सदी में भी सुर्खियों में रहे हैं। इस कड़ी में कर्नाटक विधानसभा में घटा ताजा अप्रिय घटनाक्रम भी जुड़ गया। ऐसे में राजभवनों को लोकभवन बनाने को यथार्थ में बदलने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह, कर्नाटक विधानसभा में जो भी कुछ घटा वह राजभवन व निर्वाचित सरकारों के बीच जारी टकराव का एक निचला स्तर ही कहा जा सकता है। खासकर उन राज्यों में जहां राजग की सरकारें नहीं हैं। दरअसल, विधानसभा में मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार किए गए पाठ को छोड़कर पारंपरिक संबोधन को केवल कुछ पंक्तियों में सीमित करने के निर्णय के बाद कर्नाटक में एक नया विवाद खड़ा हो गया। जिसका प्रभाव कांग्रेस शासित दक्षिणी राज्य के अलावा भी बहुत दूर तक महसूस किया गया। निर्विवाद रूप से नये साल के पहले सदन की शुरुआत में राज्यपाल का संबोधन एक संवैधानिक परंपरा रही है। यह राज्यपाल के व्यक्तिगत बयान के बजाय राज्य सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं का औपचारिक विवरण होता है। लेकिन सत्र की शुरुआत में राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपने द्वारा तैयार किया गया संक्षिप्त भाषण देकर सदन से बाहर चले गए। राज्य की कांग्रेस सरकार ने उन पर केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने का आरोप लगाया। उल्लेखनीय है यहां यह तल्ख टकराव हाल में तमिलनाडु और केरल विधानसभा में हुए अप्रिय घटनाओं के बाद सामने आया है। विडंबना है कि ऐसी ही असहमतियां, हाल के वर्षों में आम हो चली हैं। जिसे भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता है। दरअसल, विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों वाली सरकारों के मुखिया आरोप लगाते रहे हैं कि अधिकतर राज्यों में राज्यपाल का उपयोग केंद्र सरकार के राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने वाले साधन के रूप में ही किया जा रहा है। निस्संदेह, राज्यों में राज्यपालों से उम्मीद की जाती है कि वे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक निष्पक्ष पुल का दायित्व निभाएं। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी राज्यपाल को मसविदा संबोधन पर आपत्ति उठाने का अधिकार तो होता है, लेकिन इसके प्रत्युत्तर में संवैधानिक नैतिकता भी अपरिहार्य है। निश्चित रूप से ऐसी किसी भी असहमति को संवाद के माध्यम से हल करने की जरूरत होती है। राज्यपाल और राज्य सरकारों को सदन के भीतर आमने -सामने की भिड़ंत से हर हाल में बचने का प्रयास करना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी भी राज्यपाल और राज्य सरकार का अंतिम लक्ष्य जनता के हितों की रक्षा करना ही होता है। लेकिन किसी भी स्थिति में जब राज्यपाल और राज्य सरकारें विपरीत उद्देश्यों के लिये काम करने लगते हैं, तो शासन की गुणवत्ता का प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। निर्विवाद रूप से यह केवल अहम का टकराव मात्र नहीं है। यह सरोकारों के संघवाद की भी एक परीक्षा है। उल्लेखनीय है कि आजकल केंद्र सरकार राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन बनाने की मुहिम चला रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि राजभवन का संबोधन औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। निस्संदेह लोकतंत्र में राजभवन राजतंत्र का पर्याय होने का आभास देता है। लोकतंत्र में लोकभवन सही मायनों में लोक का ही प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन यह लोकभवन शब्द तब ही सार्थक हो सकता है जब जनता के हितों को राजनीतिक टकराव से ऊपर रखा जाएगा। निश्चित रूप से सत्ता के दोनों ही केंद्रों को जनादेश का सम्मान ईमानदारी से करना ही चाहिए। यह भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये अपरिहार्य शर्त भी है जिसका पालन राज्यपाल व राज्य सरकारों को पूरा करना ही चाहिए।

> **जनसरोकारों की रक्षा व राज्य सरकारों की बेलगाम नीतियों पर संतुलन के लिये सृजित यह संवैधानिक पद गाहे-बगाहे विवादों की चपेट में आता रहा है। बहुमत की सरकारों को गिराने के खेल पिछली सदी में भी सुर्खियों में रहे हैं। इस कड़ी में कर्नाटक विधानसभा में घटा ताजा अप्रिय घटनाक्रम भी जुड़ गया। ऐसे में राजभवनों को लोकभवन बनाने को यथार्थ में बदलने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह, कर्नाटक विधानसभा में जो भी कुछ घटा वह राजभवन व निर्वाचित सरकारों के बीच जारी टकराव का एक निचला स्तर ही कहा जा सकता है।**

## अरावली पर्वतमाला: अवैध खनन रोकने में जनसहभागिता भी जरूरी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> **अरावली पर्वतमाला को लेकर वैध और अवैध खनन की बहस को अलग रखकर देखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि अरावली पर्वतमाला को वैध खनन से अधिक अवैध खनन ने नुकसान पहुंचाया है। यह चिंता केवल पर्यावरणविदों की ही नहीं अपितु समूचे समाज और समूचे देश की इस मायने में है कि अरावली पर्वतमाला एक मोटे अनुमान के अनुसार 2 अरब पुरानी प्रोटेरोजोइक युग में निर्माण हुआ माना जाता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर और गुजरात तक अरावली पर्वतमाला है। राजस्थान का बड़ा क्षेत्र 20 जिले अरावली पर्वतमाला में आते हैं। अरावली पर्वतमाला की कोख में मेसेनरी स्टोन से लेकर क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के अपार भण्डार है। देखा जाए तो अरावली पर्वतमाला को राजस्थान की तुलना में हरियाणा और दिल्ली एनसीआर में अधिक नुकसान पहुंचाया गया है। अरावली पर्वतमाला को संरक्षित रखना समय की मांग और भविष्य के लिए आज की आवश्यकता है। अरावली पर्वतमाला देखा जाए तो थार के मरुस्थल के फैलाव को रोकने की प्राकृतिक तारबंदी या दीवार माना जा सकता है। एक तरह से मरुस्थलीय विस्तार पर प्राकृतिक अवरोध है।**

सर्वोच्च न्यायालय की अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर जो चिंता देखी गई है वह अपने आपमें महत्वपूर्ण इसलिए है कि अरावली पर्वतमाला को खोखला करने में अवैध खनन गतिविधियों की प्रमुख भूमिका रही है। यही कारण है कि 21 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की बैंच ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और समस्या के मूल कारण अवैध खनन पर रोक पर जोर दिया है। 21 जनवरी के निर्देशों को स्पष्टता की दृष्टि से दो भागों में समझा जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी में जहां अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी रोक और इसकी कार्ययोजना के निर्देश दिए हैं वहीं अरावली पर्वतमाला को परिभाषित करने के मुद्दे का अलग अलग देखने पर जोर दिया है। अरावली पर्वतमाला की 100 मीटर के आदेश को दिसंबर के केप्ट इन एवियांस के आदेश को यथावत रखा हैं और विशेषज्ञों की कमेटी बनाने के लिए नाम व सुझाव मांगे है। कमोबेश चार सप्ताह में दुबारा सुनवाई तक कार्ययोजना और विशेषज्ञों के नाम और सुझाव का समय दिया गया है। पर अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने अधिक गंभीरता जताई है। अरावली पर्वतमाला को लेकर वैध और अवैध खनन की बहस को अलग रखकर देखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि अरावली पर्वतमाला को वैध खनन से अधिक अवैध खनन ने नुकसान पहुंचाया है। यह चिंता केवल पर्यावरणविदों की ही नहीं अपितु समूचे समाज और समूचे देश की इस मायने में है कि अरावली पर्वतमाला एक मोटे अनुमान के अनुसार 2 अरब पुरानी प्रोटेरोजोइक युग में निर्माण हुआ माना जाता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर और गुजरात तक अरावली पर्वतमाला है। राजस्थान का बड़ा क्षेत्र 20 जिले अरावली पर्वतमाला में आते हैं। अरावली पर्वतमाला की कोख में मेसेनरी स्टोन से लेकर क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के अपार भण्डार है। देखा जाए तो अरावली पर्वतमाला को राजस्थान की तुलना में हरियाणा और दिल्ली एनसीआर में अधिक नुकसान पहुंचाया गया है। अरावली पर्वतमाला को संरक्षित रखना समय की मांग और भविष्य के लिए आज की आवश्यकता है। अरावली पर्वतमाला देखा जाए तो थार के मरुस्थल के फैलाव को रोकने की प्राकृतिक तारबंदी या दीवार माना जा सकता है। एक तरह से मरुस्थलीय विस्तार पर प्राकृतिक अवरोध है। जल और वायु को संरक्षित करता है तो जैव विविधता को संरक्षित करती है। अरावली पर्वतमाला में जैव विविधता के साथ ही वन्यजीव गलियारे विकसित है। दरअसल, अरावली पर्वतमाला केवल प्राकृतिक अवस्था नहीं है बल्कि अन्य सब कारकों के साथ ही इसका सांस्कृतिक महत्व भी है। अरावली श्रृंखला धूलभरी आंधियों से संरक्षित करती है तो जल संरक्षण और नदियों का स्रोत भी है। वन्य जीवों सहित जैव विविधता को अपनी कोख में संरक्षित किये हुए हैं। अब दोहरा संकट सामने है। एक ओर अरावली के संरक्षण की आवश्यकता है तो दूसरी और बेशकीमती खनिजों का खनन भी समय की मांग है। सर्वोच्च न्यायालय की नवीनतम टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि अवैध खनन एक प्रमुख कारण रहा है। हालांकि दिसंबर के केप्ट इन एवियांस आदेश के साथ ही राजस्थान की भजन लाल शर्मा सरकार ने प्रदेश में अरावली क्षेत्र के 20 जिलों में 29 दिसंबर, 25 से 15 जनवरी, 2026 तक अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया और इसके सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए। अभियान के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1445 प्रकरण दर्ज हुए और संबंधित पुलिस थानों में 320 एफआईआर दर्ज कराई गई। इस दौरान 140 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी हुई। 82898 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया। अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त 68 एक्सक्वेटर, जेसीबी सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए और 1223 वाहन जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द किये गये। अभियान के दौरान जुर्माने के रुप में 9 करोड़ 86 लाख रुपए की वसूली कर राजकोष में जमा किए गए। यह भौतिक उपलब्धि रही है। खैर आंकड़ों को अलग रख भी दिया जाए तो राजस्थान सरकार ने अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ ईमानदार प्रयास किये हैं। केन्द्र सरकार ने भी अरावली संरक्षण को लेकर कार्ययोजना घोषित की है। इस क्षेत्र में खनन पर प्रतिबंध तो है ही। सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार को सख्ती से अवैध खनन गतिविधियों को रोकना भी चाहिए पर यह भी साफ हो जानी चाहिए कि वैध खनन को प्रोत्साहित करके ही अवैध खनन पर कारगर रोक संभव है और दूसरी यह कि सरकार के साथ ही आमजन को भी सक्रिय होने के साथ ही अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। अवैध खनन गतिविधियां जहां भी हो रही है वहां के नागरिकों को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से आगे आना चाहिए ताकि अरावली के संरक्षण में ठोस सहभागिता हो सकें।

## आध्यात्मिक पौराणिक एवं वैदिक महत्व से परिपूर्ण वैश्विक पर्यटन केन्द्र नैमिषारण्य

**विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष**

> **भारत सरकार द्वारा नैमिषधाम के इसी प्राचीनतम स्वारूप के कारण उत्तर प्रदेश के काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा के साथ इसे भी वैश्विक पर्यटन केन्द्र घोषित किया गया। इनमें सभी वैश्विक तीर्थ व पर्यतन केन्द्र यातायात के सभी साधनों, रेल, हवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेस वे जैसे साधनों से परिपूर्ण है किन्तु नैमिष इन सभी साधनों से अभी तक वंचित है जिससे नैमिष उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य धार्मिक स्थालों से आवागमन से कटा हुआ है। देश विदेश से वर्षभर आने वाले तीर्थयात्रियों को सीधी रेल सेवा न होने से अत्यन्त कष्ट उठाना पड़ता है।**

धार्मिक एवं पौराणिक स्थालों में नैमिषारण्य का अपना अलग महत्व है। सीतापुर जनपद के अन्तर्गत पड़नें वाले नैमिषारण्य को ऐसे ही प्राचीनतम तीर्थ नहीं कहा जाता वेदों, पुराणों, रामायण, ग्रन्थों एवं महाकाव्यों में इसके आध्यत्मिक एवं पौराणिक महत्व का वर्णन मिलता है। प्रथम नैमिष पुण्यं चक्रतीर्थ च पुष्करम। अन्वेषां चैव तीर्थनाम् संस्था नास्ति महीतले।। नैमिषधाम 88 हजार ऋषियों, मुनियों की तपस्थली होने के साथ सृष्टि के प्रथम युगल मनु समरूपा द्वारा 23 हजार वर्षों तक साधना स्थल के साथ माता सती के हृदय नियात स्थल के रूप में स्थापित माँ ललिता देवी शक्ति पीठ तथा यहाँ चक्रतीर्थ का विश्वभर में अलग ही महत्व है। लोक कल्याण के निमित्त महर्षि दधीची द्वारा वज्र निर्माण हेतु अपनी आस्तियों का दान इसी क्षेत्र के मिश्रिख स्थान पर किया गया। सतयुग से लेकर त्रेता, द्धापर तक अपनी आध्यात्मिक एवं सांस्कृति विरासत को समेटे नैमिषारण्य से होता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामायण में कहा है कि तीरथ वर नैमिष विख्याता, अति पुनीत साधक सिधिदाता।।

भारत सरकार द्वारा नैमिषधाम के इसी प्राचीनतम स्वारूप के कारण उत्तर प्रदेश के काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा के साथ इसे भी वैश्विक पर्यटन केन्द्र घोषित किया गया। इनमें सभी वैश्विक तीर्थ व पर्यतन केन्द्र यातायात के सभी साधनों, रेल, हवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेस वे जैसे साधनों से परिपूर्ण है किन्तु नैमिष इन सभी साधनों से अभी तक वंचित है जिससे नैमिष उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य धार्मिक स्थालों से आवागमन से कटा हुआ है। देश विदेश से वर्षभर आने वाले तीर्थयात्रियों को सीधी रेल सेवा न होने से अत्यन्त कष्ट उठाना पड़ता है। प्रदेश की योगी सरकार अन्य तीर्थों की भाँति नैमिष के विकास हेतु नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद का गठन कर 84 प्रकोसीय परिक्रमा सहित इसके विकास पर पूरा ध्यान दे रही है किन्तु यातायात के सबसे सुगम साधनों में भारतीय यातायात की जीवन रेखा रेल यातायात उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह कार्य भारत सरकार द्वारा ही किया जाना है। नैमिषारण्य को रेल द्वारा उत्तर प्रदेश एवं भारत भर के प्रमुख तीर्थों एवं वैश्विक पर्यटन केन्द्रों को आपस में रेल मार्ग से जोड़े जाने हेतु नैमिष सक हरदोई होकर फर्रूखाबाद तक मात्र 112 कि0मी0 नई रेल लाइन बिछा दी जाये तो प्रयागराज, काशी, अयोध्या, नैमिषारण्य मथुरा जैसे वैश्विक पर्यटन केन्द्र आपस में जुड़ जायेगें बल्कि रेल मन्त्रालय को एक नया गलियारा (कारीड़ोर) मिल जायेगा जो पूर्वोतर भारत के राज्यों से चलकर गोरखपुर के रास्ते बुढवल से सीतापुर नैमिषारण्य होते हरदोई फर्रूखाबाद के रास्ते मथुरा एवं आगरा दो रास्तों से पश्चिमी एवं मध्य भारत के राज्यों राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि राज्यों को निकल जायेगा। इस 112 कि0मी0 नयी रेल लाइन बिछायें जाने हेतु वर्ष 2024 में गठित नैमिषारण्य मथुरा रेल जोड़ों अभियान समिति द्वारा विभिन्न स्तरों पर अभियान चलाकर इसे नये रेल गलियारे तथा भगवान शिव के धाम काशी से चलाकर मर्यादा पुरूषोत्म राम के धाम अयोध्या लखनऊ आध्यत्मिक केन्द्र नैमिषारण्य से के चौथे अवतार नरसिंह भगवान के अवतरण स्थल हरदोई एवं पाँचवे अवतार भगवान वायने जिनके द्वारा भक्त प्रहलाद हरदोई के पौत्र राजा वलि की परीक्षा हेतु उनके अवतरण स्थल होकर कपिल मुनि के आश्रम को स्पर्श करते हुए भगवान श्री कृष्ण की धरा मथुरा के लिए एक नया रेल ट्रेक विकसित हो जायेग। अर्थात एक ही मार्ग से भगवान शिव, राम, नरसिंह, वामन, कृष्ण के दर्शन की यात्रा नैमिष मथुरा रेल जोड़ों अभियान समिति के सन्त महात्माओं, मठों, राजनेताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा प्रदेश भर के आम नागरिकों के माध्यम से एक अभियान चलाकर मा0 प्रधानमंत्री जी एंव मा0 रेलमंत्री से नयी रेल लाइन बिछाकर नैमिष को अन्य सभी तीर्थो से जोड़नें की माग की है। सीतापुर एवं हरदोई की धरा धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि तीर्थ एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है एक नागरिक के रूप में मेरा राज्य सरकार से प्रार्थना एवं सुझाव है कि नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद का विस्तार हरदोई के धार्मिक स्थालों को सम्मिलित करके किया जाये जिसके 7 पडाव सीतापुर व 4 हरदोई में पड़ते है। भगवान नरसिंह के अवतार स्थल के मन्दिर भक्त प्रहलाद घाट, श्रवण देवी, हत्याहरणतीर्थ, घोवियाधाट 18वी शदी का पेशवावाजी राव द्वारा बनवाया गया कलिका देवी मन्दिर आस्तिक ऋण के आश्रम एवम् साण्डी पक्षी अभयारण्य का विकास कर इन स्थालों के वैश्विक पर्यटन के मानचित्र पर लाया जाय जिससे इन जिलो के विकास के साथ रोजगार को बढ़ावा मिल सके।



(अजय पाल सिंह सोमवंशी)
महासचिव, नैमिषारण्य मथुरा,
रेल जोड़ो अभियान समिति उ0प्र0 लखनऊ
rajsinghsom@gmail.com
9415022884

## शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं, जीवन का दर्शन बने

ललित गर्ग

> **आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह–निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है।**


विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निर्माताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था-ह्लसा विद्या या विमुक्तयेङ्क, अर्थात वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी। औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए क्लर्क तैयार करना था-ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज़ हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आज़ादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा। विद्यालय और विश्वविद्यालय बढ़े, लेकिन शिक्षा की आत्मा कमजोर होती चली गई। डिग्रियों की संख्या बढ़ी, पर कौशल, नैतिकता और नवाचार का संकट गहराता गया। स्वतंत्र भारत की शिक्षा प्रणाली ने कुछ सकारात्मक प्रयास अवश्य किए-सार्वजनिक विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान, तकनीकी शिक्षा लेकिन व्यापक स्तर पर शिक्षा समाज की आवश्यकताओं से कटती गई। पाठ्यक्रम बोझिल होते गए, परीक्षाएं स्मृति-आधारित बनती गईं और शिक्षक-छात्र संवाद औपचारिकता में सिमट गया। शिक्षा रोजगार का टिकट बन गई, जीवन का दर्शन नहीं। यही कारण है कि आज शिक्षित युवा भी दिशाहीनता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आती है। यह नीति केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि वैचारिक बदलाव का संकेत देती है। इसमें भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने, बहु-विषयक अध्ययन, रटंत विद्या से मुक्ति, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक शिक्षा पर बल दिया गया है। यह नीति स्पष्ट रूप से मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकलने की दिशा में कदम है-जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सक्षम, सृजनशील और संवेदनशील मानव का निर्माण है। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास, अनुभवात्मक अधिगम, खेल, कला और व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना, उच्च शिक्षा में विषयों की कठोर सीमाओं को तोड़ना-ये सभी कदम गुरुकुल परंपरा की आधुनिक पुनर्व्याख्या जैसे हैं। मातृभाषा में शिक्षा का आग्रह न केवल संज्ञानात्मक विकास को सुदृढ़ करता है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी लौटाता है। यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा-योग, आयुर्वेद, दर्शन, गणित, खगोल को वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का अवसर देती है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बड़ी चुनौती है। व्यापक परिवर्तन की अपेक्षाएं अभी अधूरी हैं। शिक्षा को वास्तव में कौशल विकास का केंद्र बनाना होगाकृजहां विद्यार्थी केवल पढ़े नहीं, बल्कि कर सके, सोच सके, समस्या सुलझा सके। पाठ्यपुस्तकों और रटंत विद्या से हटकर शिक्षा को जीवन-विकास का आधार बनाना होगा। शिक्षक को फिर से ह्लगुरुङ्क की भूमिका में लाना होगा-मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयात्री के रूप में। तकनीकी विकास, नवाचार और एआई के युग में भारतीय शिक्षा पद्धति के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर, उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनना है-डिजिटल साक्षरता, डेटा, विज्ञान और तकनीक में अग्रणी होना है। दूसरी ओर, उसे मानवीय मूल्यों, करुणा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सुरक्षित रखना है। यदि शिक्षा केवल तकनीक सिखाएगी और विवेक नहीं, तो वह विनाश का उपकरण बन सकती है। भारत की शक्ति यही है कि वह विज्ञान और अध्यात्म, तकनीक और तत्त्वज्ञान, नवाचार और नैतिकता-इन सबका संतुलन सिखा सकता है। भारतीय शिक्षा पद्धति में वह सामर्थ्य है कि वह दुनिया को एक नया दर्शन और नया शिक्षा-सूत्र दे सके, जहां शिक्षा उपभोग नहीं, साधना हो; जहां ज्ञान सत्ता नहीं, सेवा बने; जहां प्रतिस्पर्धा के साथ सह-अस्तित्व भी हो। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना आज वैश्विक शिक्षा का सबसे प्रासंगिक मंत्र बन सकती है। इक्कीसवीं सदी का मानव और मानव समाज केवल तकनीकी दक्षता या आर्थिक प्रगति से पूर्ण नहीं हो सकता। उसकी संरचना तब तक अधूरी रहेगी, जब तक शिक्षा परिपक्व, समग्र और मूल्यनिष्ठ न हो। आज दुनिया को ऐसे अभिनव मानव की आवश्यकता है जो आध्यात्मिक चेतना से संपन्न हो और वैज्ञानिक दृष्टि से सक्षम भी। शिक्षा का स्वरूप ऐसा हो, जिसमें ज्ञान केवल सूचना न बने, बल्कि विवेक, संवेदना और उत्तरदायित्व का विस्तार करे। मूल्यप्रवाहित शिक्षा व्यक्ति को मानवीय बनाती है और योग शिक्षा उसे आत्म-संयम, संतुलन तथा अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इन दोनों का समन्वय ही ऐसी शिक्षा को जन्म दे सकता है, जो व्यक्ति को आत्मकेंद्रित नहीं, बल्कि विश्वकल्याण की दिशा में उन्मुख करे। भारत के अनेक आध्यात्मिक संत महापुरुषों ने शिक्षा को समग्रता देने के लिये इस विषय पर गंभीर चिन्तन-मंथन किया। महान् दार्शनिक संत आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने जीवन विज्ञान के रूप में एक समग्र चिन्तन एवं योजना शिक्षा को परिपूर्णता देने के लिये प्रस्तुत की है। उनके अनुसार मानवता का भविष्य श्रम, अर्थ और संयम-इन तीनों के सामंजस्यपूर्ण विकास पर निर्भर है। श्रम और अर्थ जीवन के मौलिक एवं व्यावहारिक पक्ष हैं, जो समाज की गतिशीलता और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करते हैं; वहीं संयम जीवन का आध्यात्मिक पक्ष है, जो भोग की अंधी दौड़ को रोककर संतुलन और शांति की स्थापना करता है। यदि शिक्षा अथवा प्रशिक्षण इन तीनों आधारों पर निर्मित नहीं होता, तो जीवन की समग्रता केवल एक कल्पना बनकर रह जाती है। अतः शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार सृजन नहीं, बल्कि ऐसे मनुष्य का निर्माण होना चाहिए जो श्रमशील हो, अर्थसचेत हो और संयमशील भी-यही समग्र शिक्षा, समग्र मानव और समग्र समाज की आधारशिला है। जरूरत है यदि भारत अपनी प्राचीन गुरुकुल परंपरा की आत्मा को आधुनिक संदर्भ में पुनर्जीवित कर सके, नई शिक्षा नीति को जमीनी सच्चाई में बदल सके और शिक्षा को जीवन, समाज और प्रकृति से जोड़ सके, तो वह निश्चय ही विश्व का मार्गदर्शन करने में सक्षम होगा। यह केवल भारत की आवश्यकता नहीं, बल्कि मानवता की आवश्यकता है। विश्व शिक्षा दिवस पर भारत का आह्वान यही हो सकता है कि शिक्षा मनुष्य को मशीन नहीं, मानव बनाए; उसे केवल कुशल नहीं, संवेदनशील बनाए; और उसे केवल वर्तमान के लिए नहीं, भविष्य के लिए तैयार करे।

# श्रद्धा से पूजा कर एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने मांगी खुशहाली

- श्रीमद् भागवत कथा के मंच पर कथावाचक ने एसपी को पहनाई रामनामी
- शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा जायेगा विशेष ध्यान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





कानपुर देहात। श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बन चुके बनीपारा के भगवान बाणेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित विशाल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में सीहोर मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा प्रवचन दे रहे हैं। शनिवार को कथा प्रांगण में जिले की पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया और उन्होंने बाणेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। कथा के मंच पर पहुंच कर पुलिस अधीक्षक ने कथा वाचक का अभिवादन किया, जिस पर कथावाचक पंडित राघव मिश्रा ने उनको रामनामी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान एसपी ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया और भक्तों की सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

एसपी ने मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और तैनात अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा शिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मंदिर प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह सतर्क है ताकि भक्तजन बिना किसी असुविधा के दर्शन व पूजा कर सकें। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है जिससे कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की इन तैयारियों की सराहना की और नवरात्रि के पावन दिनों में भक्ति और आस्था के माहौल को बनाए रखने की अपील की। जनपद में शिव मंदिरों में शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है और प्रशासन इस पावन अवसर को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रूरा थाने में एसपी ने सुनी शिकायतें



कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने थाना रूरा में जन-सुनवाई करते हुये थाने पर आये फरियादियों को बारी-बारी से सुना और अधिकारियो को निस्तारण के निर्देश दिये। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय ने थाना रूरा व समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर जन-सुनवाई करते हुये पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाया। सभी थाना प्रभारियों ने भी थाने पर आये फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुनकर न्याय पूर्ण कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

## 77वें गणतंत्र दिवस परेड की एसपी ने किया निरीक्षण

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने रिजर्व पुलिस लाइन में 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस रैतिक परेड का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों, होमगार्ड्स व एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी मार्च पास्ट एवं प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया। एसपी ने रैतिक परेड की तैयारियों के स्तर से संतुष्टि व्यक्त की तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए गणतंत्र दिवस की गरिमा, राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन के अनुरूप एक ऊर्जावान, सुव्यवस्थित एवं पूर्णतः सफल परेड सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिये कि 26 जनवरी के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी, समन्वित एवं संवेदनशील बनाया जाए।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में 11 पदों के लिए 46 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। अधिवक्ताओं के प्रतिष्ठापूर्ण जिला अधिवक्ता संघ चुनाव 2026-27 का आगाज नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ हुआ। शनिवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। 11 पदों के लिए कुल 46 अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। संघ के प्रतिष्ठित अध्यक्ष पद पर छह और महासचिव पद के लिए पांच वकीलों ने नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी ठोंकी है।

जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय सभागार में शनिवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल करने की गहमागहमी रही। प्रमुख पदों के लिए पर्चे दाखिल करने वाले अधिवक्ताओं के साथ उनके समर्थक भी थे।

इल्डर्स कमेटी ने नामांकन पत्र लेने के बाद उनकी जांच पड़ताल की। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष राकेश सिन्हा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर चंद्रमौलि शुक्ला, धनराज सिंह, रामलखन राजपूत, सुनील कुमार द्विवेदी, जयकरन भुजौली व विमल कुमार सिंह और महासचिव पद के लिए विकास सिंह, शिवदयाल प्रजापति, राजेश त्रिपाठी सोनू, यदुनाथ सिंह गौतम व आशुतोष त्रिपाठी ने दावेदारी की है।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी ने किया शुभारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जनपद कौशाम्बी में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर डायट मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारम्भ मा. अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने एक जनपदऽएक व्यंजन योजना के अंतर्गत जनपद कौशाम्बी की मूंग से बने उत्पाद 'मुगौरा' का विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान मा. अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सीएम युवा उद्यमी योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, माटीकला टूलकिट योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र, टूलकिट, ट्राईसाइकिल, आवास की चाभी, प्रशस्ति पत्र एवं डमी चेक प्रदान किये गये। अध्यक्ष ने सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 05 लाख ऋण के डमी चेक तथा जनपद की स्वयं सहायता समूहों को कुल 32 करोड़ 47 लाख 50 हजार सीसीएल का डमी चेक प्रदान किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मा. अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, निवर्तमान सांसद विनोद कुमार सोनकर, सदस्य उ.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार, निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, नगर निकायों के अध्यक्षगण, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित जनपद के अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बच्चों को कराया प्रतियोगी परीक्षा का पूर्वाभ्यास

बांदा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भागीदारी करते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता परखी। परीक्षा में लगभग 400 के आस पास छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अंक पाने के तरीके बताए। डिजिटल लाइब्रेरी के तत्वाधान में शनिवार को पुलिस, रेलवे, यूपीएसएससी समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमता परखने के उद्देश्य से परीक्षा आयोजित हई। लाइब्रेरी संचालक जैनुल अंसारी ने बताया कि परीक्षा आयोजित करने का उद्देश्य तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को अपनी कमियों और खामियों का पता लगे। आगामी परीक्षाओं में सुधार का मौका मिल सके। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक पाने के तरीके बताए। कहा कि कड़ी मेहनत के दम पर हर मुकाम के आसानी से पाया जा सकता है। नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू समेत सादी जमां, रामेंद्र शर्मा, अनस अंसारी, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, मोहन साहू, मनोज जैन, मिशम जैदी, अनवर जैदी, फिरोज मिर्ज़ा, विकास गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मिलेट्स की पैदावार को बढ़ावा देकर गांवों को बनाएं आत्मनिर्भर : श्याम बिहारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। विकसित भारत-विकसित प्रदेश के तहत आयोजित भव्य समारोह में केंद्र व प्रदेश सरकारों की उपलब्धियों का गुणगान हुआ। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष व बुंदेलखंड प्रभारी ने पौष्टिक अनाज की पैदावार को बढ़ावा देकर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। कहा कि विकसित प्रदेश की कल्पना को साकार करने के लिए गांवों को विकसित करना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शासन के निर्देश पर शनिवार को विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश दिवस समारोह मनाया गया। अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग अध्यक्ष व बुंदेलखंड प्रभारी श्याम बिहारी गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और लोगों से गांवों को विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि बुंदेलखंड में बारिश के समय पानी को स्टोर करें। गौ आधारित खेती के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण पहला काम है और एक पेड़ मां के नाम, आर्गेनिक खेती का उत्पादन करें। बच्चों को अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम करें। पौष्टिक अनाज की पैदावार को बढ़ावा देकर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकसित करें।

सभी को अपना दायित्व पूरी आत्मनिष्ठा से निभाना चाहिए। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि में श्रीराम और ऋषि बामदेव रहे हैं। जिले के साथ पूरे बुंदेलखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बन रहा है। इस मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस, जिलाधिकारी जे. रीभा, पुलिस अधीक्षक पलास बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना भारती ने किया।

## लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में आयोजित विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं किसान सम्मान निधि योजना में बलराम, प्रेम नारायण, रावेंद्र सिंह, विनय प्रताप, सीताराम, प्राकृतिक खेती में शत्रुघन सिंह, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में सोमवती, सुधा यादव, रन्नो, मुख्यमंत्री आवास योजना में सविता, जगमोहन, श्यामबाबू, एनआरएलएम योजना कविता तिवारी, आरती देवी, कोमल सिंह, अंजू मौर्या व रीता, पर्यटन विभाग के अंतर्गत अग्रिमा साहू, वेदांशी बाजपेयी, पुलिस विभाग से दीपेंद्र कुमार, संदीप पटेल, आनंद कुमार, आकाश शुक्ला तथा फायरमैन राजू को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत मीना, ईश्वरकृष्ण, सरोज, अबरार अली, सुरेश कुमार, अतुल को 50-50 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक सौंपे गए।

# भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में विषय आधारित रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में शनिवार को विषय आधारित रंगोली प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय परिसर को रंगों और संदेशों से जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता को तीन समूहों में विभाजित कर अलगऽअलग थीम पर आयोजित किया गया। पहले समूह में एलकेजी से कक्षा दो तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को दिखाया। दूसरे समूह में कक्षा तीन से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका विषय गणतंत्र दिवस था। विद्यार्थियों ने तिरंगा, अशोक चक्र, वीर सैनिकों तथा भारत की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। तीसरे समूह में कक्षा तीन से कक्षा ग्यारह तक के छात्रों के लिए उनके अध्ययनरत विषयों पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई।

# गणतंत्र दिवस : फुल ड्रेस रिहर्सल में जवानों ने किया कदम ताल, बहाया पसीना

- एसपी ने 77वें गणतंत्र दिवस की परेड के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण
- रैतिक परेड में आकर्षण का केंद्र रहेगी डॉग स्क्वॉयड के वीटा की सलामी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। तैयारियों का जायजा लेते हुए रिहर्सल परेड में मामूली सुधार के लिए अफसरों को दिशा-निर्देश दिए। परेड ग्राउंड की समुचित साज-सज्जा व सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी को भी निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम शानदार होगा। गणतंत्र दिवस का वृहद समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरशोर के साथ जारी हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने शनिवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में पहुंचकर गणतंत्र दिवस तैयारियों का जायजा लिया साथ ही कार्यक्रम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फुल ड्रेस रिहर्सल की परेड़ की मान प्रणाम लेते हुए एसपी ने पूर्वाभ्यास के दौरान आने वाली कमियों को सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। एसपी श्री बंसल ने बताया कि रैतिक परेड नियत समय 8.30 बजे शुरू होगी और 9.30 बजे मुख्य अतिथि प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ध्वजारोहण करके परेड का मान प्रणाम लेंगे। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक/सीओ सिटी व प्रतिसार निरीक्षक को परेड ग्राउंड की समुचित साज-सज्जा व सफाई के लिए निर्देशित किया। साथ ही देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आगंतुकों के बैठने आदि की व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। प्रतिसार निरीक्षक बेलास ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच भव्य रैतिक परेड का आयोजन किया जा रहा है। परेड में सशस्त्र पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस की टोलियों के साथ तकनीकी सेवाएं, डायल 112 और अन्य सेवाओं की टोलियों को भी शामिल किया गया है। जबकि परेड कमांडर के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी मॉविस टॉक सभी टोलियों को कमांड करेंगे। परेड में शामिल डॉग स्क्वॉयड का जवान वीटा और स्वॉट टीम के ब्लैक कैट कमांडो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। रैतिक परेड में मुख्य आकर्षण का केंद्र जनपद की तकनीकी सेवाओं समेत सभी विशेष सेवाओं का प्रस्तुतिकरण और फायर सर्विस की ओर से परेड ग्राउंड में पानी की बौछार से बनाए जाने वाले तिरंगे की झलक होगी। परेड के बाद स्कूली बच्चे देशभक्ति से संबंधित गीत और नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## समाधान दिवस में नहीं पहुंचे जिम्मेदार अफसर

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस सरकारी औपचारिकताओं की भेंट चढ़ता नजर आया। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिले का कोई भी जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। उच्चाधिकारियों की गैरमौजूदगी में कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने ही समाधान दिवस की जिम्मेदारी संभालते हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कुल छह फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। सभी शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित पाई गईं। जिले से किसी वरिष्ठ अधिकारी के न पहुंचने के कारण कोतवाली प्रभारी ने मौके पर मौजूद पालिका एवं राजस्व कर्मियों के साथ मामलों की समीक्षा की। गंभीरता के साथ की गई सुनवाई के दौरान केवल एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष पांच मामलों को लंबित पाते हुए इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने संबंधित राजस्व कर्मियों को शिकायतों की फाइलें सौंपते हुए शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष भी जताया।

## निजी अस्पताल में युवक से मारपीट, सिर फटा

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल परिसर में शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर युवक और अस्पताल कर्मियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान युवक का सिर फट गया, जबकि आक्रोश में आकर उसने डॉक्टर की कार में भी तोड़फोड़ कर दी। जानकारी के अनुसार बालूघाट निवासी नीरज शर्मा किसी कार्य से नगर के एक निजी अस्पताल पहुंचा था। इसी दौरान वहां मौजूद अस्पताल कर्मचारियों से पुरानी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और कर्मचारियों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। हंगामे के बीच घायल युवक ने अस्पताल परिसर में खड़ी डॉक्टर की कार में तोड़फोड़ कर दी, जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर राधाकृष्ण महाविद्यालय में सेमिनार व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर क्षेत्र के कलवारी रोड स्थित राधाकृष्ण महाविद्यालय, हसनापुर में ह्लशिक्षा के सह-सृजन में युवाओं की शक्तिङ्क विषय पर सेमिनार तथा शिक्षा व्यवस्था पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. विकास कटियार एवं अध्यक्ष डॉ. वंदना वर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रार्थना के साथ किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. वंदना वर्मा ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों पर प्रकाश डालते हुए प्रमुख सरकारी शैक्षणिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा को मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता बताते हुए इसे विश्व शांति का प्रमुख आधार कहा। साथ ही युवाओं को शिक्षा प्रक्रिया के सह-निर्माण में सार्थक रूप से सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप ने कहा कि विश्व की कुल आबादी में युवाओं की भागीदारी पचास प्रतिशत से अधिक है, ऐसे में युवा ही शिक्षा व्यवस्था का भविष्य हैं। उन्होंने शिक्षा को अधिक समावेशी, आधुनिक और युवा-केंद्रित बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। तकनीकी क्रांति से समाज में आए व्यापक परिवर्तनों के संदर्भ में उन्होंने युवाओं की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बताया।

शनिवार की सुबह 11 बजे से आरंभ हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिक्षा व्यवस्था पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में लक्ष्य ने प्रथम, वैष्णवी गुप्ता ने द्वितीय तथा संध्या सविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# यूपी दिवस व राष्ट्रीय मतदाता दिवस का संयुक्त आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नवाबगंज। क्षेत्र स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस का संयुक्त आयोजन गुरुवार को उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डा0 आर.एन. श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन संबोधन में उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व एवं उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा पर अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व पर आधारित विशेष आख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया।

उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं छात्रों ने आल्हा एवं सोहर जैसे पारंपरिक लोकगीतों का गायन कर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा जनसाधारण के हित में प्राथमिक एवं उच्च चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण विषय पर वादऽसंवाद का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डा0 अंजलि गुप्ता ने किया। आयोजन के दौरान संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 श्वेतांक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 16.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को बयाना राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 00112026 दिनांक 24.01.2026 | | |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर-तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के ट्रैक रखाव का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 5,98,69,886.11 | बयाना राशि | ₹ 4,49,400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 01 के लिए | 02.02.2026 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 01 के लिए | 16.02.2026 at 15:00 बजे | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोट: 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं अमान्य माना जायेगा। [illegible] उ.रे. नई दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXVI/WA/Loose दिनांक 07.04.2015.

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

274/2026

# खीरी में यूपी दिवस का भव्य आगाज

## आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विधायक संग किया शुभारंभ

- लाइव स्ट्रीमिंग में सीएम व गृहमंत्री के उद्बोधन पर गूंजी तालियां, योजनाओं की सौगात से खिले लाभार्थियों के चेहरे





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रंगोली, सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी और लाभार्थियों को दी गई सौगातों ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम व सीडीओ के साथ फीता काटकर, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक श्रृंखला चली। कार्यक्रम में राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उद्बोधन को सुनकर पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।

### यूपी ने प्रगति की नई गाथा लिखी : राजेश वर्मा

मुख्य अतिथि राजेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है और निरंतर समृद्धि की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज यूपी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, निवेश बढ़ा है और विकास को नई गति मिली है। आज यूपी अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है।

### प्रदर्शनी व स्टालों का किया अवलोकन

आयोग अध्यक्ष ने विधायक, डीएम व सीडीओ के साथ यूपी दिवस पर लगी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन किया। ओडीओपी, मिशन शक्ति, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, आयुष, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, कृषि, गन्ना, उद्यान, शिक्षा, पर्यटन, खाद एवं रसद, श्रम, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, सहकारिता, उद्योग, स्वयं सहायता समूह, मनरेगा सहित करीब 50 स्टाल लगाए गए, जिनकी सराहना की गई।

### दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, शिशुओं का अन्नप्राशन

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इसके साथ ही 05 गर्भवती व धात्री महिलाओं की गोदभराई तथा 05 शिशुओं का अन्नप्राशन संपन्न कराया गया। एसएचजी को 4 करोड़ का सीसीएल, प्रमाण पत्र वितरित आयोग अध्यक्ष ने 266 स्वयं सहायता समूहों को 4 करोड़ रुपये के सीसीएल का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 एसएचजी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 10 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र, सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 05

# मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर सीएमओ कार्यालय में शपथ कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मुख्य सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने उपस्थित सभी अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर परिस्थिति में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है।

उन्होंने बताया कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्भीक मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नए मतदाताओं को प्रेरित करना और चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान मतदान दिवस के अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि मतदान के दिन सभी पात्र मतदाताओं को बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग और कमजोर वर्ग के मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई।

# न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल आयोजित, निपुण बच्चों व उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पीएस पसियापुर ग्रांट में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रचना पाण्डेय ने की। चौपाल का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नवाचारों को साझा करना तथा मिशन निपुण भारत के लक्ष्यों की समीक्षा करना रहा। कार्यक्रम की रूपरेखा वरिष्ठ संकुल शिक्षक सुनील कुमार ने प्रस्तुत की। पूर्व एआरपी नीरज ने मिशन निपुण भारत के अंतर्गत बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षिका प्रीती गंगवार ने तकनीकी शिक्षण, डिजिटल संसाधनों और स्मार्ट टूल्स के माध्यम से कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने पर अपने विचार साझा किए। संकुल शिक्षक राजकुमार ने टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) आधारित शिक्षण की उपयोगिता बताई, जबकि संकुल शिक्षक अजित प्रताप सिंह ने मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। वरिष्ठ शिक्षिका रचना ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना पर प्रकाश डालते हुए इसके लाभों की जानकारी दी। शिक्षक उमाकांत शुक्ल ने भी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। चौपाल के दौरान न्याय पंचायत क्षेत्र के सभी विद्यालयों के निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

धौरहरा खीरी। धौरहरा से ढखेरवा को जोड़ने वाले हाईवे पर बीते दिनों हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। जुलाहा टोला निवासी अफजल की सोनालिका ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। अंतिम संस्कार और धार्मिक रस्में पूरी करने के बाद मृतक के पिता जलील ने कोतवाली धौरहरा में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह हादसा 12 जनवरी 2026 को दोपहर करीब एक बजे धौरहराऽढखेरवा मार्ग पर महादेव क्रशर के पास हुआ। अफजल गन्ने से लदे अपने ट्रैक्टर के साथ क्रशर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे सोनालिका कंपनी के ट्रैक्टर (इंजन नंबर 10006094कक) ने लापरवाहीपूर्वक उनके ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अफजल का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर पलट गया। हादसे में अफजल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# यह कैसी एफआईआर! न चार्जशीट, न गिरफ्तारी

- 145 दिन बाद भी ठंडे बस्ते में बजाज कंपनी के अधिकारियों पर दर्ज मुकदमा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। सहकारी गन्ना विकास समिति लि. के सचिव बलवंत चौधरी द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान न करने के आरोप में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के चार वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज कराए गए आपराधिक मुकदमे को पुलिस ने लगभग पांच माह बीतने के बावजूद ठंडे बस्ते में डाल दिया है। न तो अभी तक चार्जशीट दाखिल की जा सकी है और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी हो पाई है। इस स्थिति ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 29 अगस्त 2025 को कोतवाली गोला में दर्ज इस मुकदमे में कंपनी के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा, तत्कालीन यूनिट हेड नीरज बंसल, मुख्य वित्त अधिकारी सुनील ओझा तथा डीजीएम लीगल को नामजद किया गया था। तहरीर में आरोप है कि बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड द्वारा जिला गन्ना अधिकारी एवं उप गन्ना आयुक्त के आदेशों की अवहेलना करते हुए किसानों का भुगतान नहीं किया गया, जो भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 61(2) सहित अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध है।

मामले में पुलिस की निष्क्रियता तब और अधिक सवालों के घेरे में आ गई जब 20 सितंबर 2025 को सात गन्ना किसानों ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से विवेचक को स्टांप पर नोटेरियल बयान हल्फ़ी एवं विभिन्न अधिनियमों की प्रमाणित प्रतिलिपियां सौंपकर अपने बयान केस डायरी में दर्ज कराने का अनुरोध किया। बावजूद इसके, विवेचना में कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी।

### कुशाग्र बजाज को भी आरोपी बनाने की मांग

गन्ना किसानों द्वारा दिए गए शपथ पत्रों में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय (रामचंद्र एंड संस शुगर मिल्स प्रा. लि. बनाम कन्हैयालाल) का हवाला देते हुए कंपनी के अध्यक्ष कुशाग्र बजाज, निदेशकगण डी.के. शुक्ला, विनोद सी. संपत, शालू भंडारी, अतुल मेहता, अशोक मुकुंद, रमानी रंजन मिश्र तथा वर्तमान यूनिट हेड राकेश यादव को भी आरोपी बनाए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शुगरकेन (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड परचेज) एक्ट 1953 की धारा 17, शुगरकेन कंट्रोल ऑर्डर 1966, आपराधिक न्यास भंग व गबन, तथा उत्तर प्रदेश वैक्यूम केन शुगर फैक्ट्रीज लाइसेंसिंग ऑर्डर 1969 की धारा 3 को विवेचना में शामिल करने की मांग की गई, लेकिन पुलिस अब तक मौन साधे हुए है।

## बजाज कंपनी के यूनिट हेड को पूर्व में हो चुकी है सजा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पूर्व में भी बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला, पलिया कलां और खंभारखेड़ा यूनिट के अधिकारियों के विरुद्ध 10 अप्रैल 2016 को गन्ना भुगतान न करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। उस प्रकरण में गन्ना किसान लोकेश कुमार गुप्त द्वारा नोटेरियल शपथ पत्र दिए जाने के बाद गोला पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। 11 फरवरी 2017 को सीजेएम खीरी न्यायालय ने तत्कालीन गोला यूनिट हेड ओमपाल सिंह को 14 हजार रुपये जुर्माना व अदालत उठने तक की कैद की सजा सुनाई थी। वर्तमान मुकदमे में भी किसान लोकेश कुमार गुप्त ने 26 दिसंबर 2025 को अपना नोटेरियल बयान हल्फ़ी विवेचक को सौंपा है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# हनुमान मंदिर के सामने अवैध मीट/मुर्गा दुकानें हटाने की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के बांकेगंज में स्थित हनुमान मंदिर के ठीक सामने संचालित अवैध मीट एवं मुर्गे की दुकानों को हटवाने की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल के सामने इस प्रकार की दुकानों का संचालन न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, बल्कि इससे क्षेत्र में तनाव एवं अशांति की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। इस विषय को लेकर भारतीय बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि हनुमान मंदिर परिसर के सामने से सभी अवैध मीट व मुर्गे की दुकानों को तत्काल हटवाकर अन्यत्र स्थानांतरित कराया जाए। साथ ही कस्बा बांकेगंज में मंगलवार के दिन मीट/मुर्गा की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद कराने हेतु भी ठोस कार्रवाई की जाए, जिससे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना रहे। इस मौके पर भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता, जिला प्रभारी अमित मिश्रा (एडवोकेट), महामंत्री हिमांशु राजवंशी, बांकेगंज ब्लॉक से शिवा राज, राजेंद्र तिवारी, शिवम राज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एलडीबी के फील्ड ऑफिसर की मौत

अजान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मदी रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में भूमि विकास बैंक (एलडीबी) निगोही में कार्यरत फील्ड ऑफिसर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। नगर की भारत भूषण कॉलोनी निवासी राजेश वर्मा (51) भूमि विकास बैंक निगोही, जनपद शाहजहांपुर में फील्ड ऑफिसर पद पर कार्यरत थे। सोमवार देर शाम करीब 8 बजे वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने पैतृक गांव बिहारीपुर लंदनपुर ग्रांट जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदी रोड पर गांव महेशपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मतदाता जागरूकता का संदेश: वोट बनवाना हर नागरिक की जिम्मेदारी




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदाता होना आवश्यक है। एस.आई.आर. (ट्रस्ट) प्रक्रिया के अंतर्गत समय-समय पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से नागरिकों से आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत कर समय पर अपना वोट बनवाने की अपील की जा रही है। नगर पंचायत मैलानी द्वारा लगातार अनाउंसमेंट कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कर्मचारी घर-घर पहुंचकर नागरिकों की हर संभव सहायता कर रहे हैं, बावजूद इसके कुछ लोग अभी भी लापरवाही बरत रहे हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण अधिकार को न खोएं और समय रहते अपना वोट अवश्य बनवाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि भवानी शंकर माहेश्वरी ने शिव प्यारी की सराहना करते हुए कहा कि लगन, मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से हर कार्य संभव है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष की बुजुर्ग महिला द्वारा मतदाता प्रक्रिया को पूरा करना यह सिद्ध करता है कि यदि इच्छा शक्ति हो तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता।


## संक्षिप्त समाचार

### पलिया के डॉ. प्रथम अग्रवाल बने सुपर स्पेशियलिस्ट नीट में ऑल इंडिया रैंक 311 हासिल



पलियाकला खीरी। पलिया नगर के लिए यह गर्व का विषय है कि क्षेत्र के होनहार चिकित्सक डॉ. प्रथम अग्रवाल (MBBS, MD) ने NEET परीक्षा के माध्यम से सुपर स्पेशियलिस्ट (DM) कोर्स में ऑल इंडिया रैंक 311 प्राप्त कर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। डॉ. प्रथम अग्रवाल पलिया कस्बे के मूल निवासी हैं। वे श्री राजेश अग्रवाल के सुपुत्र एवं स्वर्गीय सेठ जगदीश प्रसाद अग्रवाल के पौत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दून इंटरनेशनल स्कूल, पलिया से प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे मेधावी रहे हैं और चिकित्सा शिक्षा के प्रत्येक चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय डॉ. प्रथम अग्रवाल ने अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को दिया है। उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि संपूर्ण पलिया क्षेत्र एवं जनपद खीरी के लिए गौरव का विषय बनी है। डॉ. प्रथम अग्रवाल की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### अभाविप गोला द्वारा सुभाष जयंती एवं सरस्वती पूजन का आयोजन



गोला गोकर्णनाथ खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) गोला नगर इकाई द्वारा सीजीएन डिग्री कॉलेज परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती के पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई, जिसके पश्चात विधिवत रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही मां सरस्वती से विद्या, विवेक और राष्ट्रसेवा की भावना का आशीर्वाद मांगा गया। कार्यक्रम में नगर मंत्री कृष्णा शुक्ला, तहसील संयोजक प्रशांत गुप्ता, सहसंयोजक हर्ष भारद्वाज, अभय कटियार, ऋषि मिश्रा, जतिन वर्मा, अभिषेक वर्मा, अनुतेज सिंह, रचित वाल्मीकि सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पटेल संस्थान में आज खिचड़ी भोज एवं शपथ ग्रहण समारोह

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के मिल बाईपास रोड स्थित कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति के पटेल संस्थान में आज दिनांक 25 जनवरी 2026 (रविवार) को पूर्वाह्न 11 बजे से समरसता खिचड़ी भोज एवं नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाएगी, साथ ही आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन होगा। पटेल संस्थान के अध्यक्ष राजीव पटेल ने समाज के सभी सम्मानित स्वजातीय बंधुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है उक्त जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी संजय वर्मा द्वारा दी गई।

# सामाजिक न्याय के प्रखर प्रहरी थे पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत रत्न कर्पूरी ठाकुरी को जयंती पर याद करते हुए कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। कहा कि वह सामाजिक न्याय के प्रखर प्रहरी थे। उन्होंने समता, सम्मान और सामाजिक समरसता के मूल्यों के लिए आजीवन संघर्ष किया। इस मौके पर वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता को सम्मानित करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।

स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला व शहर कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में शनिवार को शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई। इस अवसर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहर अध्यक्ष श्रीमती शाह ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर पूरे जीवन भर दलितों, पिछड़ों और महिलाओं उत्थान के लिए समर्पित रहे और जननायक बने। वह सामाजिक न्याय के प्रखर प्रहरी थे। उन्होंने देश में अति पिछड़ों में राजनीतिक चेतना पैदा करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए उनका समर्पित जीवन भारतीय लोकतंत्र में जनसेवा और सशक्त नेतृत्व का आदर्श उदाहरण है।

## दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को सौंपे डिप्लोमा प्रमाण पत्र

बांदा। दीक्षांत समारोह के दौरान शिक्षा सत्र 2024ऽ25 के उत्तीर्ण डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं प्रमाण पत्र सौंपे गए। छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्र राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राजकीय पॉलीटेक्निक में शनिवार को भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, शैलेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रधानाचार्य महोदय वीवी रमन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्र राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें अपने ज्ञान एवं कौशल का सदुपयोग समाज और देश के हित में करना चाहिए।

# चाचापुर ग्राम पंचायत के सुवाभोज कार्यक्रम में कंबल वितरण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। ग्राम पंचायत चाचापुर में आयोजित सुवाभोज कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भवानी शंकर माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, हरियर दत्त, सतीश गुप्ता एवं राजकुमार ने उपस्थित होकर कंबल वितरण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करना रहा। ग्रामवासियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर किशन ने बढ़ाया संजू पर दबाव

एजेंसी

गुवाहाटी। पहले दोनों मैच आसानी से जीतने के बाद भारत रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा जिसमें संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी क्योंकि ईशान किशन ने पिछले मैच में शानदार वापसी करके उन पर दबाव बढ़ा दिया है।

किशन की शानदार पारी से इस बात पर बहस फिर से शुरू हो जाएगी कि अभिषेक शर्मा का पसंदीदा सलामी जोड़ीदार कौन होना चाहिए, क्योंकि सैमसन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। टी20 विश्व कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम संयोजन काफी हद तक तय लग रहा है। भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। किशन की 32 गेंदों पर खेली गई शानदार 76 रनों की पारी ने संजू पर दबाव बढ़ा दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की जगह अभिषेक के





साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में बहाल किए गए सैमसन मौकों का पूरा फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जबकि उन्हें काफी मैच खेलने का मौका मिला है। गिल तकनीकी रूप से मजबूत होने के बावजूद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कोई खास प्रभाव नहीं डाल पाए थे और इसलिए संजू को अंतिम एकादश में शामिल करने के साहसिक फैसले के तहत उन्हें बाहर कर दिया गया। लेकिन अपने पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम में वापसी करने पर केरल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। ऐसे में यह श्रृंखला उनके लिए निर्णायक साबित हो सकती है। तेज गेंदबाजों के सामने उनकी कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान वह तेज गेंदबाजों के हाथों पांच बार सस्ते में आउट हो गए। इसमें जोफ्रा आर्चर के हाथों लगातार तीन बार आउट होना भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके और उन्हें क्रमशः काइल जैमीसन और मैट हेनरी ने आउट किया।

# नाओमी ओसाका तीसरे दौर के मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटीं

एजेंसी

मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)। जापानी खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से मैच से पहले हटने का फैसला किया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका को तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ खेलना था। इस तरह उनके फैशन और विवादों भरे अभियान का अंत हो गया। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की, लेकिन अपनी चोट के बारे में नहीं बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि अपने पिछले मैच के बाद उन्हें 'अपने शरीर की एक ऐसी समस्या पर ध्यान देना है, जिसे इलाज की जरूरत है। ओसाका ने पोस्ट किया, ''मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत उत्साहित थी और यह सफर मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने



रखता था इसलिए यहां रुकना मेरे दिल तोड़ने वाला है। लेकिन मैं और नुकसान का जोखिम नहीं उठा सकती ताकि मैं कोर्ट पर वापस आ सकूं। एक साल पहले मेलबर्न पार्क में ओसाका पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बेलिंडा बेनसिक के खिलाफ अपने तीसरे दौर के मैच से रिटायर हो गई थीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अधिकारियों ने शनिवार को ओसाका के हटने पर कोई टिप्पणी नहीं की है। टूर्नामेंट की शुरुआत में ओसाका की शानदार एंट्री वायरल हो गई थी क्योंकि वह अपने पहले दौर के मैच के लिए एक चौड़ी-किनारे वाली टोपी, घूंघट पहने और एक सफ़ेद छाता पकड़े हुए कोर्ट पर आईं थीं। यह एक ऐसा डिजाइन था जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि उनके कपड़ों के प्रायोजक नाइकी ने उन्हें बनाने दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सिनर, कीज़ और पेगुला ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में

**मेलबर्न।** पिछले दो बार के चैंपियन यानिक सिनर ने भीषण गर्मी से जूझने के बावजूद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश करके खिताबी हैट्रिक बनाने की अपनी कवायद जारी रखी। सिनर जब हाथ पैरों में ऐंठन को दूर करने के लिए जूझ रहे थे और तीसरे सेट में 1-3 से पिछड़ रहे थे तब भीषण गर्मी के नियमों ने उन्हें बचा लिया। शनिवार दोपहर को रॉड लेवर एरिना में खेल कुछ मिनटों के लिए रोक दिया गया और छत बंद कर दी गई। इसके बाद सिनर ने नई ऊर्जा के साथ कोर्ट पर कदम रखा। उन्होंने अगले छह गेम में से पांच जीतकर 85वीं रैंकिंग के खिलाड़ी इलियट स्पिजिर्री को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से पराजित किया। सिनर ने बाद में कहा, ''आज मुझे शारीरिक रूप से काफी परेशानी हुई। गर्मी के नियम की वजह से मुझे राहत मिली। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मैं बेहतर महसूस करने लगा। सिनर अगले दौर में इटली के हमवतन खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी का सामना करेंगे, जिन्होंने नंबर 15 करेन खाचानोव को 7-6 (5), 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। इटली के तीन खिलाड़ी अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। इनमें तीसरे खिलाड़ी पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने जॉन केन एरिना में खेले गए मैच में टॉमस माचक को 5-7, 6-4, 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। इस मैच को भी पांचवें सेट में छत बंद करने के लिए थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा था। विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन भी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना पर मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट को 6-4, 6-4, 7-6 (5) से पराजित किया। इस बीच महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज और उनकी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका आमना सामना होगा। नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ ने रोड लेवर एरिना में खेले गए पहले मैच में कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-3, 6-3 से हराया, जबकि छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए पहले मैच में ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से पराजित किया। अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। सातवें दिन खेल निर्धारित समय से एक घंटा पहले शुरू हुआ, क्योंकि पूर्वानुमान में 40 डिग्री सेल्सियस (104 फ़ारेनहाइट) तक के तापमान की आशंका थी। शुरुआती मैचों के दौरान तापमान उस स्तर तक नहीं पहुंचा। इस दौरान तापमान 32 डिग्री सेल्सियस (89 फ़ारेनहाइट) रहा। कीज़ ने कहा कि उन्हें चौथे दौर में पेगुला के खिलाफ कड़े मुकाबले की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''जेस बेहतरीन खिलाड़ी है। वह हर मैच में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती है। वह हर मैच में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराती है। उसके खिलाफ मुकाबला काफी कड़ा होगा।

### अनाहत सिंह ने स्प्राट चैंपियंस स्क्वाश दूसरे दौर में

**नयी दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अंतिम क्षणों में कुछ विषम परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद लूसी टरमेल को हराकर न्यूयॉर्क में चल रहे स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। विश्व में 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता में इंग्लैंड की टरमेल को 11-3, 11-6, 9-11, 13-11 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त सतोमी वातानाबे से होगा। इस बीच पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज भारत के अभय सिंह स्पेन के इकर पजारेस के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद 4-11, 11-4, 7-11, 11-3, 3-11 से हार गए।

### भारतीय विकटों पर खेलने के लिए अच्छी तैयारी की: रविंद्र

**रायपुर।** रचिन रविंद्र को भारतीय परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है और अब जबकि यहां जल्द ही टी20 विश्व कप होने वाला है तब न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज को अपनी लय मिलती दिख रही है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत में खेले गए 2023 के वनडे विश्व कप में तीन शतक लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका अनुबंध हुआ, जिससे उन्हें देश भर की विभिन्न परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का अधिक अनुभव मिला। शुक्रवार रात को दूसरे टी20 मैच में उन्होंने कुलदीप यादव की ढीली गेंद पर आउट होने से पहले 26 गेंदों में 44 रन बनाकर अपनी विशेष प्रतिभा का नमूना पेश किया। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की गेंदों पर लगाए गए उनके दो-दो छक्कों ने दिखाया कि उनके खेल में ताकत और संयम का सही संतुलन है। रविंद्र ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, '''भारत में खेलना अच्छा लगता है। मैं यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हूं। आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है, इसलिए मैंने स्वदेश में काफी अभ्यास किया। इस तरह के विकेटों पर खेलने के लिए तैयारी की। भारत ने बड़ी आसानी से 209 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। रविंद्र ने कहा, ''भारत की बल्लेबाजी को देखते हुए ऐसा लगता है कि 250 का लक्ष्य बेहतर होता। हमने बीच में जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए, जिससे हमारी प्रगति थोड़ी धीमी हो गई। ओस पड़ने और इस तरह की अन्य परिस्थितियों को देखते हुए संभवतः हमें 15-20 रन और बनाने चाहिए थे।

### आइनॉक्स-जीएफएल समूह नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में करेगा 17,000 करोड़ रुपये का निवेश

**नयी दिल्ली/दावोस।** आइनॉक्स-जीएफएल समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए उत्तर प्रदेश, असम और केरल सरकारों के साथ 17,000 करोड़ रुपये के तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) शिखर सम्मेलन के मौके पर शुक्रवार को इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों के तहत आइनॉक्स-जीएफएल समूह इन राज्यों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं, सोलर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र के साथ-साथ सौर मॉड्यूल परीक्षण प्रयोगशालाएं भी स्थापित करेगा।

## मैं मानसिक रूप से शांत और मौजूदा क्षण में थी: बंसारी सोलंकी

नयी दिल्ली। एसजी पाइपर्स की महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की पहली खिताबी जीत में निर्णायक भूमिका निभाने वाली गोलकीपर बंसारी सोलंकी ने कहा कि वह खिताबी मुकाबले के अहम मौके पर 'मानसिक रूप से शांत थी और पूरी तरह वर्तमान में मौजूद थी'। महिला एचआईएल का फाइनल निर्धारित समय में 1S1 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। इसके बाद एसजी पाइपर्स ने शूटआउट में श्राची बंगाल टाइगर्स को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विशेष रूप से शूटआउट के लिए मैदान में उतारी गईं 24 वर्षीय गोलकीपर ने एक पेनल्टी स्ट्रोक के साथ तीन अहम बचाव कर अपनी टीम को जीत दिला दी। बंसारी को फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए शुक्रवार को 'टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' के पुरस्कार से भी नवाज़ा गया। उन्होंने कहा कि दबाव का डटकर सामना करने से उन्हें सफलता मिली। उन्होंने कहा, ''दबाव जरूर था, लेकिन मैं नतीजे के बारे में नहीं सोच रही थी।

## प्रतिका रावल, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ भारत की टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले साल महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के अलावा बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को छह से नौ मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

भारत की 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। यह टेस्ट मैच 15 फरवरी से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के मैचों (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे) के बाद खेला जाएगा। प्रतिका का वनडे में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस प्रारूप में 24 मैचों में 50.45 के औसत से 1110 रन बनाए, जिसमें दो शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इसका यह भी मतलब था कि यह सलामी बल्लेबाज टखने की चोट से काफी हद तक उबर चुकी थीं, जिसके कारण उन्हें पिछले



साल के महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल से बाहर बैठना पड़ा था। हालांकि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। वैष्णवी ने 2025 की शुरुआत में भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत के दौरान अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस 20 वर्षीय स्पिनर ने अब तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। तेज गेंदबाज क्रांति ने भी पिछले साल भारत के लिए पदार्पण किया था और वह अब तक 15 वनडे और चार टी20 मैच खेल चुकी हैं। 50 ओवर के प्रारूप में उनका प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है, जिसमें उन्होंने 23 विकेट लिए हैं।

मुंबई की 25 वर्षीय तेज गेंदबाज सयाली सतघरे को भी टीम में लिया गया है जिसके कारण अनुभवी अरुंधति रेड्डी को मौका नहीं मिला। इस बीच युवा विकेटकीपर जी कमलिनी चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं और चयनकर्ताओं ने उनकी जगह उमा छेत्री को टी20 और वनडे टीमों में शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने एसीसी राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन भी कर लिया है, जिसकी कप्तानी बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव करेंगी। प्रतिभाशाली बल्लेबाज अनुष्का शर्मा को उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 22 फरवरी के बीच थाईलैंड में खेला जाएगा। भारत इस टूर्नामेंट में यूएई (13 फरवरी), पाकिस्तान ए (15 फरवरी) और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा। भारत की टेस्ट टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, रेणुका ठाकुर, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

## रॉयल्स पर एकतरफा जीत के साथ सनराइजर्स ईस्टर्न केप लगातार चौथी बार एसए20 के फाइनल में

जोहानिसबर्ग। सेनुरान मुथुसामी की फिरकी के जादू के बाद जेम्स कोल्स की तूफानी पारी से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शुक्रवार को यहां क्वालीफायर दो में पार्ल रॉयल्स पर सात विकेट की एकतरफा जीत के साथ लगातार चौथी बार एसए20 क्रिकेट लीग के फाइनल में जगह बनाई। रॉयल्स की टीम मुथुसामी (15 रन पर तीन विकेट) और एनरिच नोर्किया (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने काइल वेरेने (नाबाद 52, 46 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के नाबाद अर्धशतक के बावजूद सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी। इसके जवाब में दो बार के चैंपियन और गत उप विजेता सनराइजर्स ने कोल्स की 19 गेंद में तीन छक्कों और चार चौकों से नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 11.4 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

## सूर्या ने दिखा दिया कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज हैं: शिवम दुबे

एजेंसी

रायपुर। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस स्टार बल्लेबाज ने धमाकेदार पारी खेलकर दिखा दिया कि वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार ने 23 पारियों के बाद पहली बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया, जिससे अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनके आलोचकों का मुंह बंद हो गया। भारतीय कप्तान ने दुबे के साथ मिलकर 81 रन की अटूट साझेदारी की और भारत ने न्यूजीलैंड के 209 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। बाएं-दाएं बल्लेबाज के संयोजन को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे ने 18 गेंदों में 36 रन बनाए। दुबे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''कुछ समय पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुझसे सूर्यकुमार यादव की फॉर्म के बारे में पूछा गया था। तब मैंने कहा था कि वह उस तरह का खिलाड़ी है कि जब वह अपनी फॉर्म दिखाएगा तो तब दुनिया को पता चलेगा कि वह किस तरह का खिलाड़ी है। आज सूर्यकुमार यादव ने दिखा दिया कि वह टी20 में नंबर एक बल्लेबाज क्यों है। उन्होंने कहा, ''मैंने उसके साथ बल्लेबाजी का पूरा आनंद लिया। उसे इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। सूर्यकुमार और दुबे के बीच साझेदारी से पहले इशान किशन ने 32 गेंद पर 76 रन की तूफानी पारी खेली। दुबे ने उनकी भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''इशान बाएं हाथ से खेलने वाले उन बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक है जिन्हें मैंने देखा है। ड्रेसिंग रूम में उसे 'छोटा पॉकेट ब्लास्ट' कहा जाता है। मुझे लगता है कि उसकी बल्लेबाजी बहुत दमदार है। वह जानता है कि वह क्या कर सकता है और आज के मैच में उसने इसे साबित कर दिया। दुबे को गेंदबाजी में भी नियमित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। शुक्रवार को उन्होंने धीमी गेंद से डैरिल मिचेल का महत्वपूर्ण विकेट लिया। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से मैंने कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि कप्तान और कोच मेरा समर्थन करें। उन्होंने मुझे बहुत समर्थन दिया है। मैंने यह बात पहले भी कही है। मैंने खुद को थोड़ा तैयार भी कर लिया है कि मैं कैसे गेंदबाजी करूंगा और किस परिस्थिति में गेंदबाजी करने आऊंगा। इसलिए, छठे गेंदबाज के रूप में मुझे जो भी दो, तीन या चार ओवर मिलेंगे, मैं उस समय की स्थिति के अनुसार गेंदबाजी करने की कोशिश करूंगा।

## एलान समूह ने टाटा प्रोजेक्ट्स को दिया 840 करोड़ रुपये का निर्माण ठेका

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी एलान समूह ने गुरुग्राम में एक आवासीय परियोजना के निर्माण के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स को 840 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। एलान समूह ने एक बयान में बताया कि टाटा प्रोजेक्ट्स गुरुग्राम के सेक्टर 49 में उसकी नयी आवासीय परियोजना 'एलान द स्टेटमेंट' के निर्माण का कार्य करेगी। एलान समूह इस छह एकड़ की लक्जरी आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जिसमें कुल 230 अपार्टमेंट होंगे। एलान समूह के चेयरमैन राकेश कपूर ने कहा, इस स्तर की परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञता और इंजीनियरिंग की गहराई की आवश्यकता होती है। टाटा प्रोजेक्ट्स के पास सटीकता, विश्वसनीयता और तकनीकी विशेषज्ञता की विरासत है, जो समय की कसौटी पर खरे उतरने वाले आवास बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## गणतंत्र दिवस के लंबे सप्ताहांत पर पर्यटन होटलों की बुकिंग में भारी उछाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शनिवार से शुरू हो रहे तीन दिनों के लंबे सप्ताहांत के कारण देश में पर्यटन और होटल बुकिंग में भारी उछाल देखा जा रहा है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों के अनुसार, यह रुझान यात्रियों के व्यवहार में बदलाव और छोटी यात्राओं के प्रति बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। यात्रा बुकिंग मंचों के मुताबिक, गोवा, थाईलैंड और वियतनाम जैसे गंतव्यों के लिए सबसे अधिक मांग देखी जा रही है, जहां कई शहरों से सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और रेडिसन होटल ग्रुप (दक्षिण एशिया) के चेयरमैन के बी काचरू ने बताया कि इस लंबे सप्ताहांत में आतिथ्य क्षेत्र में जबरदस्त मांग है। उन्होंने कहा कि शहरी यात्री कम समय वाली लेकिन गुणवत्तापूर्ण यात्राओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थापित पर्यटन केंद्रों के साथ-साथ अब नए और छोटे गंतव्यों में भी होटल के कमरों की मांग बढ़ी है। यहां न केवल होटलों में कमरों की उपलब्धता कम हुई है, बल्कि आखिरी समय में होने वाली बुकिंग में भी जोरदार बढ़ोतरी देखी जा रही है। 'मेकमायट्रिप' के सह-संस्थापक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश मागो ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर मेट्रो शहरों के पास स्थित पर्यटन स्थलों के लिए लोगों की रुचि बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घरेलू स्तर पर गोवा पसंदीदा स्थान बना हुआ है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों के लिए मांग अधिक है, जहां वीजा प्रक्रिया सरल है। रेडिसन होटल ग्रुप (दक्षिण एशिया) के प्रबंध निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) निखिल शर्मा ने कहा कि 2026 के इस पहले लंबे सप्ताहांत में छोटी और अनुभव-आधारित छुट्टियों का चलन बढ़ रहा है।

## एयर इंडिया कुछ सीमाओं के साथ संचालित करेगी नया ड्रीमलाइनर, एफएए की मंजूरियों का इंतजार

नयी दिल्ली। एयर इंडिया अपने नए बोइंग 787-9 विमान को कुछ सीमाओं के साथ संचालित करेगी। सूत्रों के अनुसार टाटा समूह के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन विमान के 'बिजनेस क्लास सुइट्स' में निजता के लिए खिसकने वाले दरवाजे और 'इकोनॉमी क्लास' की 18 सीटों के लिए अमेरिकी नियामक एफएए (एफएए) की मंजूरी का इंतजार कर रही है। टाटा समूह के जनवरी 2022 में एयर इंडिया का स्वामित्व लेने के बाद इसके बेड़े में शामिल होने वाला यह पहला 'विशेष जरूरतों के हिसाब से बना' ड्रीमलाइनर है। यह विमान एक फरवरी से मुंबई-फ्रैंकफर्ट मार्ग पर व्यावसायिक परिचालन शुरू करेगा। इस विमान में कुल 296 सीटें हैं, जिनमें 30 बिजनेस क्लास, 28 प्रीमियम इकोनॉमी और 238 इकोनॉमी क्लास की सीटें शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि इनमें से इकोनॉमी क्लास की 18 सीटें तब तक उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं होंगी, जब तक कि संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) अपनी मंजूरी नहीं दे देता। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने दिए बयान में कहा कि नया बी 787-9 कुछ सीमाओं के साथ एक फरवरी से परिचालन में आएगा। प्रवक्ता ने कहा, हमारे बिजनेस क्लास सुइट्स के 'स्लाइडिंग प्राइवेसी' दरवाजे सुरक्षित रूप खुले होंगे और यात्रियों के उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि इस विशिष्ट सुविधा को अभी नियामक मंजूरी मिलनी बाकी है।

# इंडिगो ने डीजीसीए की सख्ती के बाद घरेलू हवाई अड्डों पर खाली किए 717 स्लॉट

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने घरेलू एयरपोर्ट पर 717 स्लॉट खाली कर दिए हैं। एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के इंडिगो की शीतकालीन उड़ानों में 10 फीसदी कटौती के जारी निर्देश के बाद यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंडिगो ने कुल 717 स्लॉट छोड़े हैं। कंपनी ने यह कदम विमानन नियामक की सख्ती के बाद उठाया है। डीजीसीए ने दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द और विलंब के बाद एयरलाइन की उड़ानों में 10 फीसदी



कटौती की गई थी। इंडिगो की खाली किए गए स्लॉट जनवरी से मार्च के बीच हैं, जिनमें सबसे अधिक प्रमुख महानगरों के हैं। इंडिगो एयरलाइन ने देश के कुल 16 एयरपोर्ट्स पर अपने स्लॉट्स छोड़े हैं। इसमें सबसे ज्यादा 236 स्लॉट्स मुंबई एयरपोर्ट पर कम हुए हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर आता है, जहां 150 स्लॉट्स सरेंडर किए गए हैं। बेंगलुरु में 84, हैदराबाद में 68 और पुणे में 48 स्लॉट्स छोड़े गए हैं। एयरलाइन ने इनमें से 364 स्लॉट देश के छह प्रमुख महानगरों, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू और हैदराबाद के लिए छोड़े हैं। इनमें सबसे अधिक स्लॉट हैदराबाद और बंगलूरू से खाली किए गए हैं। छोड़े गए स्लॉट जनवरी से मार्च के बीच फैले हुए हैं, जिनमें मार्च में सबसे अधिक 361 स्लॉट शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अन्य एयरलाइनों से इन खाली स्लॉट पर उड़ान संचालन के लिए आवेदन मांगे हैं। मंत्रालय के अनुसार इंडिगो ने यह स्लॉट उस समय छोड़े जब दिसंबर की शुरुआत में उसकी घरेलू उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती की गई थी। मंत्रालय के मुताबिक स्लॉट के पुनर्वितरण को लेकर गठित समिति की पहली बैठक 13 जनवरी को हुई थी। इसके बाद एयरलाइनों से उनकी प्राथमिकताओं और अनुरोधों को भेजने को कहा गया है। शर्तों के तहत, एयरलाइनों को अपने मौजूदा रूट बंद किए बिना ही खाली स्लॉट का उपयोग करना होगा। इंडिगो आम तौर पर रोजाना 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है लेकिन डीजीसीए के निर्देश के बाद उसकी घरेलू उड़ानों की संख्या अब घटकर लगभग 1,930 प्रतिदिन रह गई है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संतों ने मां श्रृंगार गौरी की विधिवत पूजा कर रामकथा का किया शुभारंभ

■ ज्ञानवापी परिसर में गूंजा हर-हर महादेव



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में शनिवार को संतों ने ज्ञानवापी परिसर स्थित मां शृंगार गौरी का विधिवत पूजन के बाद नौ दिवसीय नवान्ह पारायण रामकथा का शुभारंभ किया। इस दौरान संतों के हर–हर महादेव के उद्घोष से परिसर गुंजायमान रहा। माघ माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से श्री काशी विश्वनाथ धाम में रामकथा साधु-संतों की उपस्थिति में होगी। कथा वाचक संत श्री काशी विश्वनाथ को कथा सुनाएंगे। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद ने बताया कि यू तो काशी विश्वनाथ मंदिर को इतिहास में सात बार तोड़ा गया। 19 अप्रैल 1669 को औरंगजेब के आदेश से जब टूटा तो उस समय काशी के वैदिक ब्राह्मणों ने तय किया कि क्या प्रमाण रहेगा कि हमारा मंदिर यही था। कुछ दिन बाद इसके निशान भी मिट जाएंगे। उन लोगों ने श्रृंगार गौरी के अवशेष मंदिर को रखा था, ताकि मंदिर की परंपरा और स्मृति को जीवित रखा जा सके। स्वामी जीतेन्द्रांनद ने बताया कि श्रृंगार गौरी के अवशेष स्वरूप का पूजन कर काशी विश्वनाथ को रामकथा सुनाने की परंपरा प्रारंभ की गई, जो 1965 तक बिना किसी प्रमाण और बाधा के प्रतिवर्ष चलती रही। वर्ष 1965 में नगर निगम के गठन के बाद इस परंपरा को विधिवत कानूनी मान्यता मिली और तब से यह कथा आधिकारिक रूप से आयोजित हो रही है। माघ मास के षष्ठी तिथि से पूर्णिमा तक यह कथा चलेगी। उन्होंने कहा कि मां श्रृंगार गौरी की विधिवत पूजा कर बाबा विश्वनाथ से यह कामना की गई है कि ज्ञानवापी का यह परिसर आतताइयों से मुक्त हो और यहां पर पुनः भव्य दिव्य बाबा विश्वनाथ का ज्योर्तिलंग द्वादश ज्योर्तिलंग बाबा विश्वेश्वर पुनः स्थापित हो।

# गणतंत्र दिवस को लेकर ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। जनपद में राजकीय रेलवे पुलिस के निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों की टीमों ने गणतंत्र दिवस से पहले शनिवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया है। गणतंत्र दिवस के कारण आज से अगले 48 घंटे तक ट्रेनों की विशेष जांच जारी रहेगी। संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु को विशेष रूप से चेक किया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया ने जारी निर्देश में कहा कि गणतंत्र दिवस को सुरक्षित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से ट्रेनों में चेकिंग कराई जा रही है। आदेश के बाद से वाराणसी जोन के सभी रेलवे स्टेशनों पर राजकीय रेलवे पुलिस निरंतर चेकिंग कर रही हैं। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे जोन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को सतर्कता बनाए हुए हैं । पुलिस टीमें क्षेत्र में गस्त कर रही हैं। विशेष परिस्थिति में ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## जिम की आड़ में धर्मांतरण, फरार आरोपितों पर इनाम घोषित

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में जिम के जरिए कथित धर्मांतरण कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपित अशफाक उर्फ लकी और इमरान पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है, जबकि पुलिस की आधा दर्जन से अधिक टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। यह मामला 20 जनवरी को देहात कोतवाली क्षेत्र की दो युवतियों की तहरीर पर दर्ज किया गया था। पुलिस अब तक यूपी पुलिस के एक सिपाही समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। साथ ही केजीएन-1, केजीएन-2, केजीएन-3, आयरन फायर और बी फिट समेत पांच जिम सील किए जा चुके हैं।पुलिस की शुरुआती जांच में करीब 50 युवतियों की तस्वीरें बरामद होने की बात सामने आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि जिम ट्रेनरों के माध्यम से संगठित ढंग से धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। यह पूरा नेटवर्क एक सिंडिकेट की तरह काम कर रहा था और आरोपित व्हाट्सएप के जरिए आपस में संपर्क में रहते थे। फरार आरोपित इमरान के संबंध जिले के कुछ प्रमुख राजनीतिक व्यक्तियों से बताए जा रहे हैं। नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है। बताया जा रहा है कि कभी मात्र 10 हजार रुपये की पगार पर ट्रेनर की नौकरी करने वाले इन युवकों ने कुछ ही वर्षों में करोड़ों की लागत से तीन जिम खड़े कर दिए। तीनों जिम में करीब 60 लाख रुपये के उपकरण लगाए गए थे। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आगे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। जिला प्रशासन भी जिम के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई में जुट गया है।

# योग व प्राकृतिक चिकित्सा से मिला स्वस्थ रहने का संदेश, 150 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। राष्ट्रीय आयुष मिशन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योग वैलनेस सेंटर, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय औरैया की गतिविधियों के अंतर्गत शनिवार को आयोजित कार्यक्रमों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से जनमानस को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम सत्र सरस्वती शिशु मंदिर, दिबियापुर रोड औरैया में प्रस्तावित था, किंतु विद्यालयीय गतिविधियों के कारण छात्र-छात्राओं के बीच यह सत्र स्थगित रहा। इसके पश्चात द्वितीय सत्र ककोर मुख्यालय पर विकसित उत्तर प्रदेशऽविकसित भारत, उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग जनपद औरैया द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला तथा जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 150 महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। वरिष्ठ योग इंस्ट्रक्टर एवं योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक योगेंद्र कुमार मिश्र ने बिना किसी जांच अथवा दवा के, केवल शरीर की आकृति एवं जीभ के निरीक्षण के आधार पर बवासीर सहित अन्य असहनीय स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा राहत एवं स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी प्रदान की। योग इंस्ट्रक्टर मिश्र ने उपस्थित जनसमूह को पाचन तंत्र संबंधी विकारों सहित अन्य शारीरिक परेशानियों से बचाव के लिए संतुलित आहार, अनुशासित दिनचर्या एवं संयमित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आदतों एवं खानपान में सुधार कर अनेक रोगों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे लोगों और योग प्रशिक्षक से विस्तृत जानकारी भी ली गई। शिविर में मुख्य रूप से जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. सुधांशु दीक्षित, आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार (इटावा/औरैया), डॉ. राजेश कटियार, डॉ. अमर गौतम, प्रभारी चिकित्सक डॉ. परवीन की उपस्थिति रही। दवा वितरण कार्य में पुष्पेंद्र राजपूत एवं आलोक यादव ने सहयोग किया।

## बीटेक के छात्र ने चौथी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या, आक्रोशित साथियों ने किया हंगामा

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के एक हॉस्टल में रहने वाले बी–टेक द्वितीय वर्ष के छात्र ने चौथी मंजिल से छलांग लगाकर शुक्रवार की देर रात को आत्महत्या कर लिया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, छात्र अपने दोस्तों के साथ शराब पीकर देर रात को हॉस्टल में आया था। हॉस्टल के प्रबंधन ने छात्र को इसके लिए फटकार लगाई गई तथा उसकी वीडियो बनाकर उसके पिता को भेजा। उसके पिता ने उसे डांट दिया। इस वजह से उसने आत्महत्या किया है। पुलिस ने हॉस्टल प्रबंधन के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# यूजीसी के प्रस्तावित कानून को लेकर धर्म रक्षा आंदोलन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में यूजीसी द्वारा प्रस्तावित नए कानून उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा-2026 के विरोध में शनिवार को धर्म रक्षा आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इस कानून को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे सामाजिक समरसता और संविधान की मूल भावना के खिलाफ करार दिया तथा तत्काल वापस लेने की मांग की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगठन के संयोजक चंद्रमणि पाण्डेय ने कहा कि यह कानून देश और समाज के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावित कानून जाति के आधार पर शैक्षणिक संस्थानों को एकपक्षीय और असीमित अधिकार देता है, जिसका दुरुपयोग सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कानून की सबसे बड़ी खामी यह है कि आरोप लगाने वाले को सामने आकर आरोप सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है और झूठा आरोप सिद्ध होने पर भी कोई दंडात्मक प्रावधान नहीं किया गया है। यह भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त समान अवसर के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। ऐसे प्रावधानों से शैक्षणिक संस्थानों में आपसी वैमनस्यता और जातिवादी संघर्ष को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से योगेश द्विवेदी, विकास पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, शैलेन्द्र प्रजापति, गिरिजेश दुब, सूर्य भूषण त्रिपाठी, सत्य प्रकाश पाण्डेय, सत्य प्रकाश दुबे, उदय प्रताप सिंह और छोटेलाल यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चंद मिनट में बरेली शहर से एयरपोर्ट पहुंचेंगे लोग, 10 लेन मॉडल रोड का निर्माण कार्य शुरू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिला मुख्यालय शहर की यातायात व्यवस्था को नई रफ्तार देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की ओर से सेटेलाइट से बड़ा बाइपास तक 10 लेन चौड़ी मॉडल रोड का निर्माण कराया जा रहा है। करीब 130 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का काम बैरियर दो से शुरू हो गया है। सड़क बनने के बाद शहर से एयरपोर्ट तक की दूरी महज 10 मिनट में तय की जा सकेगी। पहले इस मार्ग को आठ लेन बनाने की योजना थी। बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इसे 10 लेन करने का निर्णय लिया गया। सड़क के दोनों ओर पांच-पांच लेन होंगी, जिससे भारी वाहनों और सामान्य ट्रैफिक को अलग-अलग जगह मिलेगी। जाम की समस्या से राहत मिलेगी। मुख्य सड़क के साथ दोनों ओर सर्विस रोड भी बनाई जाएंगी, ताकि स्थानीय आवागमन प्रभावित न हो। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंदन ए. ने बताया कि सेटेलाइट से एयरपोर्ट की दूरी लगभग 10 किलोमीटर और बड़ा बाइपास करीब 12 किलोमीटर है। सड़क चौड़ी होने के बाद यह दूरी 10 मिनट में पूरी हो सकेगी। सड़क के दोनों तरफ सीसी इंटरलॉकिंग, आरसीसी ड्रेन और इन्हीं ड्रेनों में बिजली व संचार सेवाओं की केबल डाली जाएगी। प्रमुख चौराहों पर अंडरपास और ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। इससे ट्रैफिक निर्बाध रहेगा। सड़क चौड़ीकरण से पहले अतिक्रमण हटाया जाएगा। फिलहाल संकरी सड़क के कारण यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस परियोजना से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। एयरपोर्ट से शहर तक कम समय में पहुंचने से पीलीभीत टाइगर रिजर्व और चूका बीच जाने वाले पर्यटकों को सुविधा होगी। साथ ही आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# बालिका दिवस पर जालौन जिला मुख्यालय पर निकाली गई रैली



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन मुख्यालय उरई में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित जन जागरूकता रैली को जिला चिकित्सालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। रैली का आयोजन बालिकाओं के अधिकारों, समानता एवं सशक्तिकरण को लेकर समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। रैली में ऑक्सफोर्ड एकेडमी, नटराज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई, राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रैली जिला पुरुष चिकित्सालय से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौराहा तक निकाली गई। इसमें एनसीसी की बालिकाएं, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्सें, महिला चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे। रैली के माध्यम से बालक-बालिकाओं में समानता, बालिकाओं को शिक्षा व विकास के समान अवसर, कन्या भ्रूण हत्या, गिरते लिंगानुपात, बाल विवाह एवं पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम-1994 के प्रभावी अनुपालन के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। इस दौरान मैं भी छू सकती हूँ आसमान, मौके की है मुझे तलाश तथा ह्लमेरी बहनों को मारोगे, संतोष नहीं तुम पाओगे, धरती पर यदि हम न रहे तो पुरुष कहाँ से लाओगे–माँ को कैसे पाओगे जैसे नारों से वातावरण भावनात्मक हो उठा।

# वाराणसी में अभिनव कार्यशाला: सतत ग्राम विकास हेतु स्वामित्व योजना के डेटा के बहुउद्देशीय उपयोग का प्रदर्शन

■ वाराणसी में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत मानचित्र के आधार पर एक नियोजित जल निकासी नेटवर्क पर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश राज्य के पंचायती राज विभाग द्वारा भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से आयुक्त कार्यालय सभागार, वाराणसी में स्वामित्व योजना के डेटा का उपयोग करते हुए ग्राम ड्रेनेज योजना विषय पर एक अग्रणी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, अतिरिक्त सचिव आलोक प्रेम नगर तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यशाला में यह प्रदर्शित किया गया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत संकलित भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) डेटा का उपयोग केवल संपत्ति अभिलेखीकरण तक सीमित न रहकर, व्यापक जनहित में अनेक विकासात्मक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु रणनीतिक रूप से किया जा सकता है। यह पहल 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को 'विकसित पंचायतों' के माध्यम से साकार करने में योगदान देती है। इस अवसर पर वाराणसी जनपद के सात गांवों- पूरे, कुरुहुआ, जयापुर, नागेपुर, बरियार, परमपुर एवं खखरिया- में एक सफल प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट लागू किया गया। इस पहल में स्वामित्व योजना के अंतर्गत उपलब्ध उच्च-रिज़ॉल्यूशन ड्रोन आधारित भू-स्थानिक डेटा, जैसे कि टेरेन मॉडलिंग हेतु पॉइंट क्लाउड डेटा एवं ऑर्थोमोज़ेक इमेजरी, को हाइड्रो-मौसम विज्ञान (हाइड्रोमेटियोरोलॉजिकल) डेटा के साथ संयोजित कर ग्राम स्तर पर नियोजित ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किए गए तथा तालाबों के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की गई। भू-स्थानिक विश्लेषण का व्यापक फील्ड विज़िट्स और मैनुअल सर्वेक्षणों के माध्यम से सत्यापन किया गया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि तकनीकी समाधान, ज़मीनी वास्तविकताओं और सामुदायिक आवश्यकताओं के अनुरूप हों। यह उदाहरण दर्शाता है कि डेटा संग्रह में किया गया एक निवेश ग्राम विकास के लिए अनेक अनुप्रयोगों में उपयोगी हो सकता है जो संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग का एक मॉडल है। कार्यशाला में कुल 222 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें 120 ग्राम प्रधान, 60 पंचायत सचिव, 16 परामर्शी अभियंता, 16 खंड विकास अधिकारी एवं एडीओपी, तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के 10 कनिष्ठ अभियंता शामिल थे। ये प्रतिभागी सात पायलट गांवों तथा वाराणसी जनपद के सभी आठ विकास खंडों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। विक्रेता एजेंसी डीपमैट्रिक्स (क्द्दड्ढथ्ध्र्थप्ल्ढ्ढ) द्वारा सात गांवों में किए गए पायलट प्रोजेक्ट पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात एक संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें पंचायती राज मंत्रालय के सचिव श्री विवेक भारद्वाज ने प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके प्रश्नों एवं चिंताओं का समाधान किया। प्रतिभागियों के बहुमत ने ड्रेनेज योजना के लिए इस डेटा-आधारित दृष्टिकोण को अपनाने की इच्छा व्यक्त की, जिससे इस पहल को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए मजबूत जमीनी समर्थन परिलक्षित हुआ। नियोजित ड्रेनेज नेटवर्क कृषि उत्पादकता, बाढ़ न्यूनीकरण, भूजल पुनर्भरण, जनस्वास्थ्य तथा जलवायु सहनशीलता के लिए आधारभूत महत्व रखते हैं। वास्तविक भू-आकृतिक विशेषताओं और जलवैज्ञानिक पैटर्न पर आधारित डेटा-आधारित ड्रेनेज योजनाओं से पंचायतों को सशक्त बनाकर यह पहल ग्रामीण अवसंरचना और स्थानीय शासन क्षमता को प्रत्यक्ष रूप से सुदृढ़ करती है। इस कार्यशाला से प्राप्त संरचित फीडबैक का उपयोग प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट को परिष्कृत करने, मानकीकृत करने और सुव्यवस्थित करने में किया जाएगा ताकि स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण किए गए देशभर के सभी गांवों में इसे लागू किया जा सके। यह स्केलेबल मॉडल दर्शाता है कि मौजूदा डिजिटल अवसंरचना के रणनीतिक एवं सुविचारित उपयोग से ग्रामीण परिवर्तन को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा सकता है और सशक्त विकसित पंचायतों के माध्यम से विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार किया जा सकता है।